




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 241 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 14 जून 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### बड़ा हादसा: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, मां-बेटियों समेत पांच की मौत और 19 घायल

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां टैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय टैक्टर-टॉली में करीब 30 लोग सवार थे। सभी रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे, इस दौरान दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हो गया। दतिया एसपी की ओर से जानकारी दी गई कि भांडेर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेथा और मैथाना-पाली की पुलिया के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की सूचना पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया। घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है, चिकित्सकों को सभी घायलों के बेहतर इलाज के दिशा-निर्देश दिए हैं।

#### छह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर निकले थे 200 लोग

जानकारी के अनुसार दीसवार गांव के करीब 200 लोगों एक साथ रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे। सभी छह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर एक साथ निकले थे। इस दौरान ग्राम कुरेथा और मैथाना-पाली की पुलिया पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट नीचे गिरकर पलट गया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में तीन लड़कियां और दो महिलाएं शामिल हैं। इनमें से दो लड़कियां और एक महिला एक ही परिवार की हैं। परिवार में एक साथ तीन लोगों की मौत से मातम पसर गया है। वहीं, हादसे से पूरे गांव में गमगीन माहौल है।

#### दो बेटियों के साथ मां की भी मौत

हादसे की सूचना के बाद दतिया पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मिश्रा जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिलकर हादसे की जानकारी ली।। पुलिस के अनुसार हादसे में क्रांति (17) पिता नवल किशोर, कामनी (19) पिता नवर किशोर और सीमा (30) पत्नी नवल किशोर की मौत हो गई। ये तीनों एक ही परिवार की थी। इसके अलावा हादसे में रोशनी (17) पिता रमेश अहिरवार और सोनम (11) पिता चंदन अहिरवार की भी जांच चली गई।

# रायपुर दक्षिण सीट के लिए दोनों दलों से दावेदारों की भरमार

### 18 जून तक देना होगा बृजमोहन को इस्तीफा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क




**रायपुर।** विधायक से सांसद बने केबिनेटमंत्री बृजमोहन अग्रवाल को 18 जून तक किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के मुताबिक सांसद से विधायक या विधायक से सांसद बनने की स्थिति में किसी एक पद को 14 दिनों के भीतर छोड़ना होता है। बृजमोहन के निर्वाचन के बाद 14 दिन की अवधि 18 जून को समाप्त होगी। हालांकि गुरूवार को मीडिया से चर्चा करते हुए अग्रवाल ने 6 महीने तक मंत्री बने रहने की बात कही थी। माना जा रहा है कि हँसी-छिठोली के हिसाब से उन्होंने यह बात कह दी। इधर, विधायकी छोड़ने के बाद उनकी रायपुर दक्षिण सीट पर 6 माह के भीतर चुनाव कराना अनिवार्य है। ऐसे में इस सीट के लिए दोनों दलों से दावेदारों की भरमार सामने है।

लगातार 8 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर दक्षिण क्षेत्र सीट पर भाजपा से कभी कोई और दावेदार सामने नहीं आया। लेकिन बृजमोहन के सांसद निर्वाचित होने के बाद अब पार्टी के भीतर की दावेदारों की फौज उमड़ पड़ी है। प्रदेश में भाजपा की सत्ता है और इस सीट पर बृजमोहन का खासा प्रभाव है, इसलिए टिकट के दावेदार प्रत्येक भाजपाई को लग रहा है कि यहां आसानी से जीत हासिल की जा सकती है। चर्चा है कि प्रदेश में साल के अंत में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। इस दौरान ही रायपुर दक्षिण में भी उपचुनाव हो सकते हैं। विधायक के इस्तीफा देने के बाद निर्वाचन आयोग के छह माह के अंदर उपचुनाव कराना होता है। इसलिए निकाय चुनाव के दौरान ही उपचुनाव होने की ज्यादा संभावना है।

गौरतलब है कि कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से ही रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल का एकछत्र राज रहा है। उनके रहते यहां से किसी और को कभी भाजपा से टिकट मिला ही नहीं। इस सीट से वे लगातार आठ बार से विधायक चुने गए। पहली बार उनके सांसद बनने के कारण अब इस सीट से थोक में दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। इधर, पार्टी सूत्रों का कहना है कि क्योंकि इस सीट पर बृजमोहन का खासा दबदबा है, इसलिए संभव है कि पार्टी उन्हें नजरअंदाज न कर पाए। टिकट के लिए किसी का नाम फायनल करने से पहले संभव है कि पार्टी बृजमोहन से भी रायशुमारी करे। यदि ऐसा होता है कि बृजमोहन की पसंद के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में देखने की संभावना बढ़ जाएगी। इधर, टिकट के दावेदारों ने अपने-अपने स्तर पर जुगाड़ बैठाना शुरू कर दिया है। खबर है कि कई दावेदारों ने संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात की है। नगर निगम स्तर के नेता लगातार सम्पर्क साध रहे हैं।

#### कहा था,- 6 महीने रह सकता हूँ मंत्री

रायपुर लोकसभा सीट से हाल ही में सांसद निर्वाचित हुए बृजमोहन अग्रवाल मीडिया से चर्चा करते हुए 6 महीने तक मंत्री बने रहने की बात कही थी। दरअसल, अग्रवाल से मीडिया ने यह पूछा था कि वे कौन से पद से इस्तीफा देने वाले हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मंत्री तो मैं 6 महीने तक रह सकता हूँ। हालांकि उन्होंने साथ ही यह भी जोड़ा कि मुख्यमंत्री जब कहेंगे, तब मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा। इस्तीफा कौन से पद से देना है, यह पार्टी के निर्देश के बाद समझ आएगा। वैसे, यह पूरी तरह से तय है कि बृजमोहन अग्रवाल अब दिल्ली की राजनीति करने जा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने वैधानिकता के तहत 14 दिनों के भीतर सांसद या विधायक में से किसी एक पद को छोड़ना होगा। 14 दिन की यह अवधि 18 जून को समाप्त हो रही है।

#### इन दावेदारों के नाम

भाजपा से फिलहाल आधा दर्जन से ज्यादा नाम सामने आए हैं। वहीं कांग्रेस में भी करीब-करीब इतने ही दावेदारों के नाम फिलहाल चल रहे हैं। भाजपा के दावेदारों में सुनील सोनी, नंदन जैन, सच्चिदानंद उपासने, रमेश सिंह ठाकुर, मनोज वर्मा, मीनल चौबे, केदारनाथ गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, विजय अग्रवाल शामिल हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, सन्नी अग्रवाल, सुमित दास, सतनाम पनाग, देवेंद्र यादव, कन्हैया अग्रवाल आदि नामों की चर्चा है।

## असल दोषियों पर करेंगे कार्रवाई- साय

**रायपुर।** बलौदाबाजार में हिंसा की घटना के कई तरह की बातें लगातार सामने आ रही है। घटना के पीछे बाहरी तत्वों का हाथ भी बताया जा रहा है, जिसे लेकर सरकार का पक्ष भी सामने आ चुका है। मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं, इस बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि निर्दोष लोगों को प्रताड़ित नहीं दिया जाएगा और घटना के जो असल दोषी हैं, उन पर कार्रवाई होगी।

बलौदाबाजार में भड़की हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल शाम राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में सतनामी महासभा समिति के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले की घटना बहुत ही निंदनीय है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी। सीएम साय ने ट्वीट कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि कल शाम निवास कार्यालय में सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा हुई। सतनामी समाज गुरु बाबा घासीदास के दिखाएं रास्ते पर चलने वाला शांतिप्रिय समाज है। बलौदा बाजार की घटना के असल दोषियों के खिलाफसरकार कड़ी कार्यवाही करेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ की अखंडता, सामाजिक समरसता के साथ विकास सरकार की प्राथमिकता है।

सीएम साय ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि निर्दोष लोगों को किसी भी तरह से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन- प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पूर्णतः न्यायसंगत होगी। गौरतलब है कि शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखांभ क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य शासन ने छह बिन्दुओं पर जाँच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जाँच का आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश सी बी बाजपेयी की एकल टीम इस घटना की जाँच कर 3 माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को देगी। पिछले दिनों बलौदबाजार पहुंचे गृहमंत्री विजय शर्मा ने जाँच का आश्वासन दिया था।

## कुवैत अग्निकांड: 45 मृतकों के शव लेकर कोच्चि एयरपोर्ट पहुंचा सुपर हरक्युलिस




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुबई/नई दिल्ली (एजेंसी)।** कुवैत में हुए भीषण अग्निकांड में मरने वालों में 45 लोगों की पहचान भारतीयों के रूप में हुई है। इस इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक काम कर रहे थे। मृतकों में दो उत्तरप्रदेश, 24 केरल, सात तमिलनाडु और तीन आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे। वहीं, भारतीय वायु सेना का एक विशेष विमान, सी-130जे मृतक 45 भारतीयों के शवों को लेकर शुक्रवार सुबह कोच्चि पहुंचा। भारतीय दूतावास ने इस बारे में जानकारी दी है। दूतावास ने बताया कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भी उसी विमान से वापस आए।

#### मृतकों के शवों को लेकर आया सुपर हरक्युलिस

इससे पहले वायुसेना का सुपर हरक्युलिस विमान कुवैत से 45 शवों को लेकर रवाना हुआ था। पहले यह विमान केरल के कोच्चि में उतरा, क्योंकि ज्यादातर मृतक वहीं के थे। इसके बाद विमान दिल्ली आएगा। यहां से शव संबंधित राज्यों में भेजे जाएंगे।

#### अब तक 48 शवों की हुई पहचान

यूपी के मृतकों की पहचान वाराणसी के माधव सिंह, गोरखपुर के जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता के रूप में हुई है। वहीं, आंध्र प्रदेश के मृतकों में श्रीकाकुलम जिले के टी लोकानंदम, पश्चिम गोदावरी जिले के एम सत्यनारायण और एम ईश्वरुडु की पहचान की गई है। अरब टाइम्स ने कुवैत के प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फ्हद अल-यूसूफ अल-यूसुफ के हवाले से बताया कि अधिकारियों ने अब तक 48 शवों की पहचान की है। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में सात मंजिला इमारत में हुए हादसे में 49 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 50 से अधिक घायल हुए हैं।

#### केरल सरकार ने किया मदद का एलान


केरल सरकार ने परिजनों को 5-5 लाख रुपये की मदद की घोषणा की है। इस बीच, भारत के विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत पहुंच गए हैं। वहां उन्होंने घायलों से मुलाकात की है। सिंह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर शवों को भारत लाने के प्रयास में जुटे हैं। वहीं, कुवैत प्रशासन ने शवों की पहचान स्थापित करने के बाद वादा किया कि वह हादसे की त्वरित जांच करेगा और शवों को वापस भेजने में पूरी मदद करेगा। पता चला है कि इमारत में 196 श्रमिक रखे गए थे। एक दिन पहले यह संख्या 160 बताई गई थी।

#### अल-याह्या ने सहयोग का किया वादा

विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से मुलाकात की। अल-याह्या ने पूरा सहयोग देने का वादा किया। सिंह प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फ्हद से भी मिले, जिन्होंने देश के अमीर की ओर से पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना जताई। शेख फ्हद ने भी हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

## दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट की अहम् टिप्पणी कहा- हर बार गलत नहीं होता पुरूष

**प्रयागराज (ए.)।** दुष्कर्म मामले पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि यौन उत्पीड़न के मामले में कानून भले ही महिलाओं के पक्ष में हो, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमेशा पुरूष ही गलत हो। महिला भी गलत हो सकती है।




दरअसल, एक महिला ने साल 2019 में आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। साथ ही कहा कि आरोपी ने उसकी जाति को लेकर भी अपमानजनक बातें कही। जिला न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपी को दोषमुक्त कर दिया था और सिर्फआईपीसी की धारा 323 के तहत ही दोषी ठहराया। महिला ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला की खंडपीठ ने जिला कोर्ट के निर्णय को बरकरार रखते हुए उक्त टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा कि सबूत पेश करने की जिम्मेदारी शिकायतकर्ता की भी है। यौन अपराधों के मामले में कानून तो महिला केंद्रित हैं, लेकिन परिस्थितियों का आकलन भी जरूरी है। हर बार ये जरूरी नहीं कि पुरुष ही गलत हो। आरोपी कोर्ट को बताया कि शारीरिक संबंध दोनों की सहमति से बने थे। इस दौरान महिला ने अपनी जाति छुपाई। जब उसे महिला की असली जाति का पता चला तो उसने शादी से इनकार कर दिया।

वहीं कोर्ट ने भी पाया कि महिला 2010 में शादी कर चुकी थी, लेकिन बाद में वह अपने पति से अलग हो गई और दोनों के बीच तलाक भी नहीं हुआ। ऐसे में कोर्ट ने माना कि महिला पहले से विवाहित है और कानून की नजर में उसका विवाह मौजूद भी है। लिहाजा शादी के वादा का आरोप खत्म हो जाता है।

## छत्तीसगढ़ के मटुकनाथ ने यह क्या कर दिया

श्रीकंचनपथ




प्रेम किसी भी उम्र में किसी से भी हो सकता है। इसे अच्छा मानें या बुरा, इसे जब होना होता है, होकर रहता है। पर प्रेम की भी एक मर्यादा होती है जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। प्रेम में हिंसा का कोई स्थान नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक ऐसा ही प्रेम त्रिकोण सामने आया है। यहां के कोटा थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। पति एक कॉलेज में प्रोफेसर है। पत्नी जंगल विभाग में रेंजर है। पति को अपने कालेज की ही एक छात्रा से प्यार हो गया और दोनों तभी से साथ रह रहे हैं। पत्नी करगीरोड कोटा रेस्ट हाउस में रहती है। उसकी पोस्टिंग बेलगहना में है। कुछ दिन पहले जब वह कोटा लौट रही थी तो पति और उसकी प्रेमिका ने मिलकर उसपर हमला कर दिया और मारपीट की। फिलहाल पुलिस मारपीट के मामले की जांच कर रही है। एक ऐसा ही मामला कोई दो दशक पहले बिहार में उछला था। पटना विश्वविद्यालय के 65 वर्षीय प्रो। मटुकनाथ को अपनी 30 वर्षीया छात्रा जूली से इश्क हो गया। मामला उजागर होने पर उन्होंने इसे स्वीकार भी किया। खूब बेइज्जती हुई। विश्वविद्यालय ने पहले तो उन्हें निलंबित कर दिया। फिर उन्हें बर्खास्त भी कर दिया गया। इसके खिलाफ वे कोर्ट गए और मामला जीतकर वापस बहाल हो गए। अवकाश प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपना स्कूल खोल लिया और अब वहीं मसरूफ रहते हैं। जूली अब विदेश में रह रही है। वह आध्यामिकता की राह पर आगे बढ़ गई है। मटुकनाथ को आज भी जूली के लौटने का इंतजार है। इसे समाज की व्यवस्था को तोड़ने का दण्ड भी कह सकते हैं। समाज की सभी व्यवस्थाएं लंबे समय के अनुभव की देन हैं। भारतीय समाज बचपन से लेकर बुढ़ापे तक को लेकर संवेदनशील है। परिवार इस समाज व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण इकाई है। यह एक सपोर्ट सिस्टम भी है। भारतीय समाज प्रेम को भी स्वीकार करता है पर उसकी मर्यादाएं भी तय करता है। खासकर जब इस तरह के रिश्ते में शामिल कोई एक विवाहित हो। एक तरफ प्रेम होता है और एक तरफ परिवार की जिम्मेदारी। परिवार की जिम्मेदारी केवल रुपए पैसों से पूरी नहीं होती, इसका एक भावनात्मक पहलू भी होता है। किसी बच्चे का अधेड़ पिता यदि अपनी किसी छात्रा के साथ अलग घर बसा ले तो उसे एक गहरी भावनात्मक चोट भी पहुंचती है। रिश्तों पर से उसका भरोसा उठ जाता है। पत्नी के लिये भी यह एक आर्थिक, शारीरिक और मानसिक त्रासदी होती है। प्रेम चाहे कितना भी महान क्यों न हो, इस क्षति की भरपाई नहीं कर सकता। शायद इसी स्थिति के लिए शायर साहिर लुधियानवी कहते हैं- 'वो अफसाना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन, उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा।' पर इसके लिए साहस चाहिए, शेर का जिगरा भी चाहिए।




## संपादकीय

# भारतीयों की चिंता

यह मर्माहत कर देने वाली खबर है कि कुवैती शहर मंगफ में एक आवासीय इमारत में आग लगने से कम से कम 40 भारतीयों की जान चली गई। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आग उसी इमारत में लगी, जहां दर्जनों कर्मचारी रहा करते थे, उन्हें बचने का मौका तक नहीं मिला। निचली मंजिल पर लगी आग ऊपर फैलती चली गई। अधिकांश हताहत दक्षिण भारतीय राज्य केरल और तमिलनाडु से हैं।

> करीब 50 भारतीय घायल भी हुए हैं। घायलों में नेपाली कामगार भी शामिल हैं। इसमें तो कोई दोराय नहीं कि ये कर्मचारी या मजदूर बहुत अमानवीय माहौल में रह रहे थे। इमारत में करीब 196 कर्मचारी रह रहे थे। जाहिर है, इमारत में काफी भीड़भाड़ थी और इसी वजह से कर्मचारी आग से घिर गए। कुवैती उप-प्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफअल-सबा ने इमारत के मालिकों पर लालच का आरोप लगाया और कहा कि भवन मानकों के उल्लंघन के चलते यह त्रासदी हुई। वैसे, सिर्फ वजह बताने से काम नहीं चलेगा, हमें यह देखना होगा कि क्या कुवैती सरकार दोषियों के खिलाफ कड़े कदम उठाएगी?

ध्यान रहे, तमाम अरब देशों में भारतीय बड़ी संख्या में रहते हैं। छोटे से मुल्क कुवैत की अगर बात करें, तो वहां आबादी का दो-तिहाई हिस्सा विदेशी श्रमिकों से बना है। वहां पर भारतीय श्रमिकों की संख्या अच्छी-खासी है। इतने बड़े हादसे के बाद प्रशासन जागता लग रहा है। प्रशासन सफाई दे रहा है कि ऐसे आवासों में भीड़भाड़ को लेकर अक्सर चेतावनियां जारी की जाती थीं, पर भवन मालिकों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इस त्रासदी पर मानवाधिकार समूहों ने भी चिंता जताई है। अब चिंता से आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है। तमाम अरब देशों में मजदूरों की स्थिति बहुत अमानवीय है। इन सभी देशों में मजदूरों की सुरक्षा चाक-चौबंद करने पर ध्यान देना होगा। भारत सरकार को अपनी ओर से भरपूर दबाव डालना होगा, ताकि अरब देशों में हमारे कामगारों के प्रति संजीदगी बढ़े। देश के लाखों मजदूरों को रोजगार के लिए विदेश जाना पड़ता है, तो विदेश गए मजदूरों के प्रति सरकार की जिम्मेदारी कम नहीं हो जाती है। सबकी नजरें भारत सरकार पर है कि वह आगामी दिनों में अपने लोगों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाती है?

अरब देशों ही नहीं, यूक्रेन, रूस जैसे अनेक देशों में भारतीयों की सुरक्षा को ताक पर रखा जा रहा है। मिसाल के लिए, युवा काम की तलाश में रूस जाते हैं और उन्हें रूस में सैनिक बना दिया जाता है। रूसी सेना की ओर से लड़ते हुए भारतीय हमें बहुत चिंता में डाल रहे हैं। सरकार को आपत्ति जताने से आगे जाकर अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यहां यह जान लेना चाहिए कि विदेश में भारतीयों की मौत चिंता की एक बहुत बड़ी वजह बनती जा रही है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगे गए एक जवाब के मुताबिक, अकेले साल 2020 में विदेश में कुल 11,439 भारतीयों की मौत हुई। अगर छात्रों की बात करें, तो साल 2018 के बाद से विदेश में 403 भारतीय छात्रों की विभिन्न वजहों से मौत हुई है। इनमें से सर्वाधिक 91 छात्र कनाडा में मारे गए हैं। सोचने वाली बात है, भारतीय छात्रों की मौत के मामले में कनाडा, ब्रिटेन, रूस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे देशों का दामन साफ नहीं है। अत: भारत सरकार को तगड़ी मोर्चाबंदी करनी पड़ेगी और विदेश जाने वालों को भी अपनी सुरक्षा के प्रति सजग होना पड़ेगा।

## आसान नहीं रहने वाली शिवराज की राह

अंकित सिंह

वरिष्ठ भाजपा नेता और मध्य प्रदेश के चार बार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए मंत्रिमंडल में केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया है। मामा (मामा) और पांव-पांव वाले भैया के नाम से मशहूर 65 वर्षीय नेता ने रविवार को प्रधानमंत्री की मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनका तीन दशक से अधिक लंबा राजनीतिक करियर है। शासन में अपने व्यापक अनुभव और ग्रामीण आबादी के साथ गहरे जुड़ाव के साथ, केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में चौहान की नियुक्ति से कृषि क्षेत्र और कृषक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में सरकार के प्रयासों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

चौहान, जिन्होंने कड़ी मेहनत से जमीनी नेता की छवि बनाई और खुद को मध्य प्रदेश में किसानों, ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों की सामाजिक-आर्थिक चिंताओं से जोड़ा, पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद से वंचित होने के बाद उन्होंने अपने विरोधियों को गलत साबित करते हुए केंद्र में मंत्री बने हैं। दरकिनार किए जाने के दावों को खारिज करते हुए, भाजपा नेता ने 821,000 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से विदिशा लोकसभा सीट पर छठी बार प्रभावशाली जीत हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में एक रैली में उनके योगदान और लोकप्रियता को स्वीकार करते हुए उनकी सराहना किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनके शामिल होने की व्यापक उम्मीद थी। हालांकि, उनके समक्ष कई बड़ी चुनौतिया भी रहने वाली हैं। मोदी सरकार के पहले दो कार्यकाल के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्रालय में अपेक्षाकृत कम प्रोफाइल वाले व्यक्ति थे: राधा मोहन सिंह, नरेंद्र सिंह तोमर और अर्जुन मुंडा। यह पिछली यूपीए सरकार के विपरीत था, जिसमें शरद पवार कृषि मंत्री थे। अतीत में भी, कृषि विभाग शक्तिशाली लोगों के पास था - सी. सुब्रमण्यम और जगजीवन राम से लेकर राव बीरेंद्र सिंह, चौधरी देवी लाल और बलराम जाखड़ तक। चौहान के कार्यभार संभालने से इस क्षेत्र की नीति प्रोफाइल में वृद्धि होने की उम्मीद है, जो मौजूदा कीमतों पर भारत के सकल मूल्य वर्धित का लगभग 18 प्रतिशत और इसके नियोजित श्रम बल का 46 प्रतिशत है।

भारतीय कृषि को जलवायु परिवर्तन, अनुसंधान, विस्तार और सिंचाई में सार्वजनिक निवेश में गिरावट, और नियंत्रण की वापसी के कारण निजी क्षेत्र की घटती रुचि, चाहे इनपुट (उर्वरक और बीज), प्रौद्योगिकी (विशेष रूप से बायोटेक फसलों की रिहाई) के मूल्य निर्धारण पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में शिवराज को इससे निपटना होगा। चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश बीमारू राज्य से बाहर निकला। उसने कृषि के क्षेत्र में जबरदस्त प्रदर्शन भी किया। चाहे मनमोहन सिंह के सरकार हो या नरेंद्र मोदी की सरकार, दोनों ही दौरान मध्य प्रदेश को कृषि के क्षेत्र में पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिवराज ने राज्य में पैदावार को बढ़ाने की कोशिश की। साथ ही साथ किसानों को साथ लेकर चलने में भी वह कामयाब रहे। मध्य प्रदेश में शिवराज का नेतृत्व में कृषि क्रांति आई जिसकी वजह से राज्य के विकास में मदद मिली पहले राज्य सूखा से बेहाल रहता था। लेकिन शिवराज नहीं इसे हरियाली प्रदेश में तब्दील किया।

राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो शिवराज के सामने कई चुनौतियां रहने वाली है। वर्तमान समय में देखें तो शिवराज ने कांटों का ताज पहना है। ऐसा इसलिए है कि पिछले 5 साल के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार को सबसे ज्यादा किसानों की नाराजगी झेलनी पड़ी है। तीन कृषि कानून के बाद किसानों ने जबरदस्ती तरीके से प्रदर्शन किया था जिसके बाद सरकार को उसे वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा किसानों की ओर से लगातार एसपी कानून, स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश को लागू करना, मुफ्त बिजली जैसी मांगों को सरकार के समक्ष रखा जा रहा है। हाल में भी लगातार किसानों का आंदोलन जारी है। ऐसे में इन किसानों को साधना शिवराज के समक्ष बड़ी चुनौती रहने वाली है।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

नजरिया

# इंसानी फितरत को समझने में नाकामी और एग्जिट पोल

*दो दिन पहले आपने क्या नाश्ता किया? चूंकि नाश्ता रोजमर्रा का मामला है, अत: नाश्ते के फैसले पर ज्यादा विचार नहीं किया जाता है। हममें से अधिकांश लोग भूल जाते हैं कि हमने दो दिन पहले क्या भोजन ग्रहण किया था। मगर क्या हममें से बहुत लोग भूल गए होंगे कि हमने 2024 के आम चुनाव में किस प्रत्याशी को वोट दिया था?*

बीजू डोमिनिक, सीईओ, फाइनल माइल कंसल्टिंग




मतदान करना कोई रोजमर्रा का व्यवहार नहीं है। अधिकांश लोगों के लिए, मतदान एक बहुत सोच-विचारकर लिया गया फैसला है। यह संभव नहीं है कि कोई यह भूल जाए कि उसने किस राजनीतिक दल को वोट दिया था। यदि ऐसा है, तो ज्यादातर एग्जिट पोल सही भविष्यवाणी में नाकाम क्यों रहे?

हर निर्वाचन क्षेत्र के बड़े मतदाताओं का सटीक प्रतिनिधित्व करने वाले सही नमूनों का चयन न कर पाना, आकलन में गलती का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है। सर्वोत्तम सांख्यिकीय तरीकों का इस्तेमाल करने के बावजूद मतदाताओं के फैसले का सटीक मूल्यांकन आसान नहीं होता। भारत में बाजार अनुसंधान उद्योग कई दशक पुराना है और कई एजेंसियों ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत सारे उपभोक्ता या मतदान अनुसंधान किए हैं। ऐसे में, यह यकीन करना मुश्किल है कि उन्होंने भारत जैसे जटिल देश को समझने के लिए जरूरी सांख्यिकीय तरीकों का अब तक पता नहीं लगाया है।

एग्जिट पोल के नतीजे गलत क्यों थे, इसके अन्य कारण भी हो सकते हैं। अपनी किताब प्राइवेट ट्रुथ्स, पब्लिक लाइज : द सोशल कॉन्सिक्वेंसेस ऑफ प्रिफरेंस फाल्सिफिकेशन में अर्थशास्त्री तिमुर कुरन 'वरीयता मिथ्याकरण' की बात करते हैं। कुरन के अनुसार, यह वास्तविक या कथित सामाजिक दबावों के तहत किसी के वास्तविक विचारों को गलत ढंग से पेश करने का कार्य है। रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसा अक्सर होता है, जब हम किसी मेजबान को बताते हैं कि हम परोसे गए भोजन का खूब आनंद ले रहे हैं, जबकि हमें भोजन बेस्वाद लग रहा होता है।

समाज में ऐसे व्यवहार की व्यापकता को देखते हुए, क्या ऐसा हो सकता है कि कुछ मतदाताओं ने अपना वोट किसी खास सियासी दल को दिया हो, पर जब एग्जिट पोल करने वालों ने उनसे पूछा, तो उन्होंने दूसरे दल का नाम बता दिया? मतदाता आखिर ऐसा क्यों करते हैं? उनकी कथनी और करनी में अंतर क्यों हो जाता है?

दरअसल, सामाजिक जीव होने के नाते, इंसान इस बात की बहुत चिंता करता है कि दूसरे लोग उसके विचारों व कार्यों के बारे में क्या सोचते हैं? कई बार लोग बहुमत के विचार के साथ दिखने मात्र के लिए गलत जवाब देते हैं। इसे प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सोलोमन एश के एक प्रसिद्ध प्रयोग द्वारा समझा जा सकता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो लोगों से अगर अलग-अलग पूछा जाए, तो वे सही जवाब दे सकते हैं, मगर जब तीन की पसंद चौथा आदमी सुन लेता है, तो वह भी उसी पसंद के पक्ष में फैसला सुना देता है। यह एक तरह की नकल है। शायद ही कोई व्यक्ति अल्पमत में दिखना चाहता है। मतदान केंद्र के अंदर लोगों को भरोसा होता है कि उनका व्यवहार गोपनीय रहेगा, इसलिए वहां वे अपनी सोच के हिसाब से व्यवहार करते हैं, पर मतदान केंद्र के बाहर उन पर बहुमत के विचारों से सहमत होने का दबाव होता है। ऐसे में, यह मुमकिन है कि इस साल के एग्जिट पोल में कई उत्तरदाताओं ने बहुमत के हिसाब से अपना फैसला जाहिर किया है। इन एग्जिट पोल में हमने देखा है कि लोग जो कहते हैं और जो करते हैं, दोनों के बीच अंतर स्पष्ट है। अधिकांश अनुसंधान एजेंसियां मतदाताओं के इस रवैये को समझने में नाकाम हैं।

किसी भी सर्वेक्षण में व्यावहारिक पहलू को समझना जरूरी है। मिसाल के लिए, यदि हम ड्राइवरों को सुरक्षित गाड़ी चलाने के लिए तैयार नहीं कर सकते हैं, तो नई सड़कों की इंजीनियरिंग दुरुस्त करने का क्या मतलब है? यदि हम बड़े पैमाने पर लोगों को स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टीका लगवाने के लिए प्रेरित नहीं कर सकते, तो बीमारियों से बचाव के लिए कारगर टीकों के आविष्कार का क्या मतलब है? हमें मानव व्यवहार को समझना होगा। सर्वेक्षण एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें हमें नए सिरे से सोचने और नए सिरे से काम करने की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# साय सरकार के छः माहः छत्तीसगढ़ में उम्मीदों की नई रोशनी फैलाने में सफल

एलडी मानिकपुरी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी

लोकतंत्र में जहां जनता अपने नेतृत्व को वायदे पूरे करने के लिए पांच साल का जनादेश प्रदान करती है। ऐसे में किसी प्रदेश के मुखिया से महज छह माह के समय में इन वायदों को पूरा करने की आशा आमतौर पर बेमानी होती है। लेकिन मन में जज्बा, कुछ करने की लालसा, संवेदनशील प्रयास और समन्वित रणनीति के तहत कार्य किया जाए तो छह माह में भी इतिहास गढ़ा जा सकता है। महज़ छह माह में किसी भी सरकार के कामकाज का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता इसके बावजूद विष्णु देव साय सरकार जिस तेजी के साथ काम को आगे बढ़ा रही है, निश्चित ही यह एक मिसाल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए अधिकांश वायदों को पूरा करने के लिए जरा भी वक्त जाया नहीं किया। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। शपथ ग्रहण 13 दिसम्बर 2023 के बाद 15 अप्रैल 2024 यानी 4 माह 02 दिन। 16 मार्च 2024 से 6 जून 2024 यानी 2 माह 21 दिन लोकसभा निर्वाचन की वजह से आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में प्रभावशील रही। ऐसे में विष्णु देव सरकार को मुख्यमंत्री बने छह माह जरूर हो चुके हैं लेकिन निर्णय, योजनाओं का क्रियान्वयन, भावी रणनीति को मूर्तरूप देने के लिए उन्हें 4 माह का ही समय मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इन सब के बावजूद अपने सटीक निर्णयों से प्रदेश में एक अलग छाप छोड़ने में सफल हुए हैं। जब हम आधी आबादी की बात करते हैं तब उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलम्बन और सशक्तीकरण के लिए ठोस व दूरगामी रणनीति बनानी पड़ती है। प्रदेश के 70 लाख विवाहित महिलाओं के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण महतारी वन्दन योजना से मिली है। ईब से इंद्रावती तक यानी प्रदेश के चारों तरफ विवाहित महिलाओं को हर माह एक हजार रूपए दिए जा रहे हैं और इस तरह चार किश्ते दी जा चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा विवाहित माताओं-बहनों के खाते में राशि देने के पीछे आर्थिक सशक्तीकरण करना, उनके आर्थिक हालात को बेहतर करना प्रमुख उद्देश्य है।

दावे और वादे के पक्के मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के लाखों किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने की गारंटी को पूरा करते हुए 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया गया, वहीं 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए अन्तरित की गई। खरीफसीजन में रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इसके अलावा किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस राशि 3 हजार 716 करोड़ रुपए देने जैसे साहसिक निर्णय लिए है।

मुख्यमंत्री श्री साय संवेदनशील सरकार और किसानों के सरकार के रूप में महज छह माह में ही पहचान बनाने में सफल हुए। आदिवासियों की पीड़ा, संघर्ष, सम्मान और जरूरत को उनसे बेहतर कौन समझ पाएगा! सरकार बनाते ही तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा 5 हजार 500 रूपए की गई, जिससे 12 लाख 50 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ मिल रहा है। कौन नहीं चाहता कि घर के बुजुर्ग तीर्थ यात्रा करें लेकिन आर्थिक अभाव, सुरक्षा और मार्गदर्शन आड़े आते हैं। ऐसे में विष्णु सरकार की मानवीय पहल यानी रामलला मंदिर दर्शन योजना से मन की मुराद पूरी हो रही है।

कोई न सोए भूखे पेट, इस तरह के विचार को अपनी कार्य योजना में शामिल करें तो वह निश्चित ही मानवीय संवेदना ही है प्रदेश के 68 लाख़ से अधिक गरीब परिवारों को पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने जैसे निर्णय साबित कर रहे हैं कि सरकार गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। खुद का घर, पक्का मकान यह सब सुनने में एक गरीब परिवार के लिए दिन में देखने वाले स्वप्न की तरह होता है। लेकिन इस सपने को सच करने के लिए, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण की दिशा में प्रदेश जोरशोर से आगे बढ़ चुका है। ऐसे में गरीब के सिर में पक्का छत होना यानी सशक्त परिवार और खुशहाल समाज का प्रतीक बनेगा।

सरकार में आते ही युवाओं की तकलीफको समझा और पीएससी परीक्षा घोटाले को लेकर युवाओं के गुस्से और हताशा को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की। शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने से युवाओं के मन में खुशियां देखने को मिली है। जिस बस्तर अंचल की पहचान सुंदर प्राकृतिक परिवेश और अकूत संसाधनों से है तथा यहां के भोलेभाले आदिवासियों की कला संस्कृति ने देश और दुनिया को अपनी ओर खींचा है। इस स्वर्ग को दूषित करने का काम कुछ माओवादी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के अडिग निर्णय, बेहतर रणनीति का ही परिणाम है कि महज छह माह में 129 माओवादियों को सुरक्षा बलों के जवानों ने ढेर किया है, 488 गिरफ्तार हुए हैं 431 आत्मसमर्पण किया और इस तरह बस्तर की उम्मीद की नई रौशनी देखने को मिलने लगी है।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

## परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे

अग्निपथ योजना रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने शुरू किया था। ओआरओपी योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। इस समस्या का हल क्या है?

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को बेहतर बनाने के कई सुझाव सरकार को भेजे हैं। सूत्रों के हवाले से ये खबर उस समय आई है, जब केंद्र में नई सरकार के गठन के दौरान ऐसी चर्चा गर्म थी कि भाजपा के कुछ सहयोगी दल इस योजना की समीक्षा चाहते हैं। अब इस खबर के जरिए बताया गया है कि सेना ऐसी समीक्षा पहले ही कर चुकी है। सेना ने जो सुझाव दिए हैं, उनमें एक यह है कि चार साल की नौकरी के बाद सेना में नियमित रूप से भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों की संख्या 25 से बढ़ा कर 60- ।0 प्रतिशत कर दी जाए। अग्निवीरों का कार्यकाल चार साल से बढ़ा कर ।-8 वर्ष करने का सुझाव भी सेना ने दिया है। साथ ही अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र बढ़ा कर 23 साल करने और सेवा के दौरान घायल या जख्मी होने पर उन्हें दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की सिफारिश की गई है।

प्रश्न है कि क्या ये सुझाव सरकार मानेगी? अग्निपथ योजना के बारे में आम समझ है कि रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने इसे शुरू किया था। वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। पिछले साल यह खर्च सैनिकों को दिए जाने वाले वेतन से भी ज्यादा हो गया। इस तरह रक्षा बजट का और भी ज्यादा हिस्सा अब वेतन, भत्तों, पेंशन और नियमित संचालन मद पर खर्च होने लगा है। नतीजतन, पूंजीगत निवेश के लिए बहुत कम रकम बचती है। भारत सरकार की राजकोषीय स्थिति ऐसी नहीं है कि वह समग्र रक्षा बजट में बहुत बड़ी बढ़ोतरी कर सके। तो अग्निपथ स्कीम लाया गया। इस योजना की वाजिब आलोचनाएं मौजूद हैं। मगर समाधान क्या है? अब ओआरओपी तो वापस नहीं लिया जा सकता। ऐसे में अग्निपथ योजना में कुछ दिखावटी बदलाव कर आलोचनाओं की धार कम करने की कोशिश करना ही एकमात्र विकल्प बचता है। लेकिन ऐसे परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे। उनसे खड़ी हुई बुनियादी समस्याएं हल नहीं होंगी।

**( राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी )**

# सामाजिक कलंक है 'बालश्रम'?



डॉ. रमेश ठाकुर

वैश्विक समस्या है बाल श्रम? किसी भी मुल्क के माथे पर सामाजिक कलंक भी है, फिर चाहें वह देश विकसित हो या विकासशील? आज से 19 वर्ष पहले यानी सन-2002 को इस बुराई के विरुद्ध प्रतिवर्ष 12 जून के दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' की पहल पर 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' मनाने का आरंभ हुआ। इस दिवस का मकसद चाइल्ड लेबर के सभी रूपों को रोकने के लिए जनमानस को जागरूकता करना था। जागरूकता को ध्यान में रखकर ही 2024 की थीम 'अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें' बाल श्रम समाप्त करें, निर्धारित की गई है। आंकड़ों की माने तो बालश्रम एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर काबिज है। यहां कुल 7 फीसदी बच्चे विभिन्न किस्म की मजदूरी में संलिप्त है। यही कारण है कि 62 मिलियन बच्चों की बड़ी आबादी आज भी शिक्षा से महरूम है। रोकथाम के लिहाज से प्रयासों में कमी नहीं है, प्रयास बहुतेरे किए जाते हैं कि बच्चों को बाल श्रम की धधकती भट्टियों से आजाद करवाया जाएं। लेकिन परिवारों के मध्य संघर्ष, संकट और आर्थिक मजबूरियां उन्हें बाल श्रम करने को विवश करती हैं।

अधिनियम-1986 के तहत ढाबों, घरों, होटलों में बाल श्रम करवाना दंडनीय अपराध है। बावजूद इसके लोग बाल श्रम को बढ़ावा देते हैं। बच्चों को वह अपने प्रतिष्ठिनों में इसलिए काम दे देते हैं क्योंकि उन्हें कम मजदूरी देनी पड़ती है। लेकिन वह यह भूल बैठते हैं कि वह कितना बड़ा अपराध कर रहे हैं। बाल मजदूरी रोकने के लिए 1979 में बनी गुरुपाद स्वामी समिति ने बेहतरीन काम किया था। उसके बाद अलग मंत्रालय, आयोग, संस्थान और समितियां बनीं, लेकिन बात फिर वहीं आकर रुक जाती है कि जब तक आमजन की सहभागिता नहीं होगी, सरकारी प्रयास भी नाकाफी साबित होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय विगत कई दशकों से बाल श्रम को समाप्त करने में ईमानदारी से प्रतिबद्धता व्यक्त कर रहा है। बावजूद इसके संपूर्ण विश्व में आज भी करीब 160 मिलियन बच्चे बाल श्रम की भट्टी में तप रहे हैं। दुनिया भर में करीब दस में से एक बच्चा आज भी किसी न किसी रूप में मजदूरी करने को मजबूर है। बाल श्रम से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहताशा प्रयास हो रहे हैं। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा लगातार कार्यान्वित शिक्षा, कला और मीडिया के माध्यम से बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लेकिन फिर भी बाल श्रम की समस्या थमने के बजाय और बढ़ रही है। हिंदी फिल्म 'बूट पॉलिश' का एक गाना है कि 'नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है, मुट्ठी में है तकदीर हमारी' के बोल न सिर्फ बालश्रम की भट्टियों में धधकते बचपन के प्रति संवेदना जगाते हैं, बल्कि हुकूमतों के लिए बाल समस्याओं पर अंकुश न लगाने व उनसे जुड़े उत्पीड़न और अपराध के प्रति घोर निराशा भी व्यक्त करते हैं।

बाल मजदूरी वैश्विक समस्या का रूप ले चुकी है। इसलिए सिर्फ सरकार-सिस्टम पर सवाल उठाने से अब काम नहीं चलने वाला? समाधान के विकल्प सभी को मिलकर खोजने होंगे? सड़कों पर भीख मांगते बच्चे, ईट भट्टों पर काम करते नौनिहाल, विभिन्न अपराधों में लिप्त बच्चे व शिक्षा से महरूम बच्चों को देखकर मुंह मोड़ने के बजाय है, हुकूमतों को चेताना होगा। बच्चों से मुंह फेरना ही हमारा सबसे बड़ा अपराध है। हमारी चुप्पी ही बालश्रम जैसे कृत्य को बढ़ावा देती है। ऐसे बच्चों के बचपन की तुलना थोड़ी देर के लिए हम अपने बच्चों से करें, तो फर्क अपने आप महसूस कर सकेंगे। ऐसा करने से अपने भीतर बदनसीब बच्चों के प्रति संवेदना जगेगी और उनसे जुड़े जुल्मों के खिलाफ अवाज उठाने का संबल मिलेगा। आंखों के सामने किसी बच्चे का बचपन खो जाना, हमारे लिए सबसे बड़ी शर्म वाली बात है।

इस सामाजिक बुराई से समाज को वाकिफ हो जाना चाहिए कि बाल श्रम रोकना केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, प्रत्येक इंसान का मानवीय दायित्व भी है। ये सच है कि समस्या किसी एक के बूते सुलझने वाली नहीं? इसके लिए सामाजिक चेतना, जनजागरण और जागरूकता की जरूरत है। बाल मजदूरी और बाल अपराध को रोकने के लिए महिला बाल मंत्रालय, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग व निपसिड सहित इस क्षेत्र में कार्यरत तमाम संस्थाएं कार्यरत हैं। गैर सरकारी संगठन और एनजीओ हमेशा रोकथाम की दिशा में हमेशा तत्पर रहते हैं। इसके लिए सबसे पहले सामाजिक स्तर पर बाल श्रमिकों के प्रति आम लोगों के जेहन में संवेदना जगानी होगी और बाल श्रम के खिलाफ मन में लड़ाई की प्रवृति पैदा करनी होगी। ताजा आंकड़े बताते हैं कि बीते एकाध दशकों से एशिया में सबसे ज्यादा बाल तस्करी हिंदुस्तान में हुई हैं। जबकि, ये सिलसिला रूका नहीं, बल्कि और तेज हुआ है।

बाल मजदूरों के बढ़ने के कुछ कारण और भी हैं। पिछड़े राज्यों में बाल तस्करों का बड़ा गैंग सक्रिय है, जो मासूम बच्चों को किडनैप करके उन्हें कुछ समय बाद भीख मंगवाने या मजदूरी में लगा देते हैं। कुछ बच्चों को अपराध की दुनिया में भी उतार देते हैं। बाल मजदूरी व बाल तस्करी दोनों कृत्यों में एक बड़ा गैंग सक्रिय होकर अंजाम देता है। नेशनल क्राइम ब्यूरों के आंकड़े बताते हैं कि तस्कर गिरोह समूचे हिंदुस्तान में रोजाना सैकड़ों बच्चे किडनेप करते हैं जिन्हें बाद में भीख मंगवाने, मजूदरी, बाल अपराध और बाल श्रम की आग में झोंकते हैं। सड़क, बाजार व अन्य जगहों पर की जाने वाली स्नैचिंग की ज्यातर घटनाओं को कम उम्र के बच्चे ही अंजाम देते हैं। उन्हें बाकायदा पहले प्रशिक्षण दिया जाता है। उद्योग, कल-कारखाने व कंपनियों वाले बच्चों से मजदूरी इसलिए भी कराते हैं क्योंकि इसके एवज में उन्हें कुछ देना नहीं पड़ता, बिना भुगतान के वह बच्चों कुछ थोड़ा खाना खिलाकर ही उनसे शारीरिक कार्य करवा लेते हैं। आज का दिन खास है, बाल श्रम रोकने के लिए? सभी को संकल्पित होना चाहिए इस लड़ाई में? कहीं कोई बच्चा मजदूरी करता दिखे, उससे उसका कारण जानना चाहिए। अगर लगे उसे जबरदस्ती काम पर लगाया गया है, तो आरोपियों के खिलाफ कानूनी कारवाही भी करवानी चाहिए

**( ये लेखक के विचार हैं )**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Industrial Training Institute
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# आदिवासी नौनिहालों के आईआईटी में पढ़ने का सपना पूरा कर रहा है प्रयास विद्यालय

## बारहवीं में पढ़ रहे रायपुर प्रयास विद्यालय के 32 बच्चों ने किया है इस साल जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई

- पिछले पांच सालों में 51 बच्चों का आईआईटी और 94 बच्चों का एनआईटी में चयन
- नामी कोचिंग संस्थानों को टक्कर दे रहा प्रयास विद्यालय

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर का प्रयास विद्यालय नामी कोचिंग संस्थानों को टक्कर दे रहा है। बारहवीं में पढ़ रहे यहां के 32 बच्चों ने जेईई (Joint Entrance E&amination) एडवांस्ड क्वालीफाई कर देश की विभिन्न आईआईटी (Indian Institute of Technology) और समकक्ष राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश के लिए पात्रता हासिल की है। देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों (आईआईटी एवं समकक्ष) में प्रवेश पाने वाले ज्यादातर विद्यार्थी बारहवीं के बाद एक-दो वर्ष की तैयारी वाले होते हैं। लेकिन प्रयास विद्यालय के 32 बच्चों ने बारहवीं की पढ़ाई के साथ-साथ ही देश के श्रेष्ठ एवं प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली जेईई की कठिन प्रतियोगी परीक्षा में देशभर के लाखों बच्चे बैठते हैं।

हाल ही में 9 जून को घोषित जेईई एडवांस्ड के नतीजों में रायपुर प्रयास विद्यालय के कुलदीप कुमार ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 459 हासिल किया है। वहीं ओमप्रकाश नेताम को ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 473 और रुद्राक्ष भगत को ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 825 मिला है। ये तीनों बच्चे राज्य के सुदूर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कोंडागांव और सरगुजा के गरीब आदिवासी परिवारों से आते हैं। इनके साथ पढ़ने वाले त्रिलोक पैंकरा ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 1123, लीलाधर ठाकुर ने 1174, पंकज रावटे ने 1592, गैंद लाल ने 1638, आदर्श राज पैंकरा ने 1661 और शुभम कश्यप ने 1801 ऑल इंडिया केटेगरी रैंक हासिल की है। ये सभी भी राज्य के सुदूर अधिसूचित विकासखंडों के कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चे हैं। प्रयास विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में इन बच्चों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है।

रायपुर का प्रयास विद्यालय कक्षा नवमीं से बारहवीं तक की पढ़ाई के साथ ही होनहार आदिवासी नौनिहालों का आईआईटी, एनआईटी एवं समकक्ष श्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों में पढ़ने का सपना पूरा कर रहा है। विगत अप्रैल में यहां के 64 बच्चों ने जेईई मेन्स (JEE Mains) क्वालीफाई कर जेईई एडवांस्ड के लिए पात्रता हासिल की थी जिनमें से 32 बच्चों ने अब जेईई एडवांस्ड भी क्वालीफाई कर लिया है। जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई करने वाले बच्चे जहां देश की विभिन्न आईआईटी एवं समकक्ष संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे, वहीं जेईई मेन्स क्वालीफाई करने वाले बच्चे एनआईटी (National Institute of Technology) एवं समकक्ष संस्थानों में पढ़ने का अपना सपना पूरा करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली जेईई की कठिन प्रतियोगी परीक्षा क्वालीफाई कर पिछले पांच वर्षों में प्रयास विद्यालय रायपुर के 51 छात्रों ने देश की विभिन्न आईआईटी में प्रवेश प्राप्त किया है। वहीं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NITs) में 94 बच्चों का चयन हुआ है।

रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास विद्यालय में राज्य के वनांचल और दूरस्थ अधिसूचित क्षेत्रों के बच्चे पढ़ रहे हैं। कक्षा नवमीं से बारहवीं तक यहां करीब 700 बच्चे अध्ययनरत हैं। शिक्षण सत्र 2023-24 में गणित विषय (PCM) लेकर 166 छात्र पढ़ रहे थे। प्रयास विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंजुला तिवारी बताती हैं कि ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को यहां बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दृष्टिकोण से अध्यापन किया जाता है। स्कूल में ही दोनों तरह की पढ़ाई के कारण बच्चे बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के बौद्धिक स्तर और कक्षा में प्रदर्शन के अनुसार अलग-अलग समूहों में बांटकर अध्ययन संबंधी उनकी समस्याओं को दूर किया जाता है। आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों के साथ ही प्रयास विद्यालय के बहुत से बच्चे हर साल अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी चयनित होते हैं।

# गुरुकुल परंपरा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है: स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

## नूतन गुरूकुल का भूमिपूजन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गुरुकुल परंपरा, शिक्षा का एक प्राचीन भारतीय दर्शन रहा है, जो ज्ञान और चरित्र निर्माण पर केंद्रित हैं। गुरुकुल परंपरा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदाय करना ही नहीं था, बल्कि छात्रों को आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का भी शिक्षा देना था। गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ने सदियों से ज्ञान का संरक्षण और प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह बात शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज महादेव घाट रोड स्थित मोतीपुर अमलीडीह में सहजानंद अंतरराष्ट्रीय गुरुकुल रायपुर छत्तीसगढ़ के नूतन गुरुकुल के भूमिपूजन के अवसर पर कही। श्री अग्रवाल ने नूतन गुरूकुल का भूमिपूजन कर परिसर में वृक्षारोपण किया। शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए हमे शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने की आवश्यकता है। जिसमें गुरुकुल परंपरा अहम भूमिका निभायेगी। भारत की गुरुकुल प्रणाली शिक्षा और संस्कृति का एक अनूठा संगम रहा हैं। जिसके कारण विश्व में भारत की एक अलग पहचान है। गुरुकुल परंपरा से ही संस्कार, संस्कृति, शिष्टाचार, समाजिक जागरुकता, मौलिक व्यक्तित्व, बौद्धिक विकास जैसे अमूल्य गुणों को अपनी आने वाली पीढ़ियों को विरासत में दे सकते हैं।शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ वासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि भारत की इस दिव्य विरासत जीवित रखने के लिए यहां गुरुकुल की स्थापना की जा रही है। उन्होंने इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए शास्त्री श्री घनश्याम प्रकाश दासजी एवं श्री कृष्णवल्लभ दासजी के प्रति आभार प्रकट किया।






# विश्व रक्तदान दिवस : रक्तदान महादान है और रक्तदाता समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं : विष्णु देव साय



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व रक्त दान दिवस के अवसर पर खासकर युवाओं से रक्त दान कर लोगों का जीवन बचाने की अपील की है। श्री साय ने कहा है हर साल 14 जून को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित पूरी दुनिया रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व रक्त दान दिवस मनाती है।

सीएम साय ने कहा कि आपात स्थितियों, बीमारी, दुर्घटना सहित प्रसव मामलों में जीवन रक्षा के लिए रक्त अति आवश्यक होती है। कई बार आकस्मिक परिस्थितियों में लोगों को सरलता से रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता है। श्री साय ने कहा कि रक्तदान महादान के महत्व को जन-जन समझें। रक्त देने में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। रक्तदान महादान है और रक्तदाता समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में होगी दर्ज

- पोर्टल के जरिए किसानों को सामयिक सलाह से बाजार उपलब्ध कराने तक मिलेगी सहायता
- मास्टरों ट्रेनरों का हुआ प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज




रायपुर। छत्तीसगढ़ में फसल आच्छादन का अब डिजिटल सर्वे होगा। सर्वे में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञो की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में भारत सरकार का एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी।

कृषि विभाग दिल्ली से आये अधिकारियों ने नया रायपुर इंद्रावती भवन में राजस्व विभाग के मास्टर ट्रेनरों को डिजिटल क्रॉप सर्वे 2024 प्रशिक्षण देते हुए बताया कि जिओ रेफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से इस वर्ष से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाना है। डिजिटल सर्वे की जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।

एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी। इस पोर्टल में किसानों द्वारा लगाई गई फसल के साथ-साथ उन्हें आवश्यक खाद और पानी की मात्रा की भी जानकारी मिलेगी। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसानों को अब न केवल जमीन अपितु जमीन में लगाये गए फसल और उत्पादन के लिए आवश्यक बाज़ार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

संचालक भू-अभिलेख रमेश शर्मा ने प्रशिक्षण में कहा कि इस पोर्टल के जरिए किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस पोर्टल का उद्देश्य कृषि उत्पादकों (किसानों) और नीति निर्माताओं-केंद्र सरकार और राज्य सरकार को एक डिजिटल छतरी के नीचे लाना है।

अपर आयुक्त भू-अभिलेख डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि इस प्रशिक्षण से राज्य के किसानों को लाभ मिलेगा। एग्री स्टेक में किसान का पंजीयन हो जाने से उन्हें जरूरत का खाद और बीज मिल सकेगा। इसके साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लेने की भी सुविधा मिलेगी। प्रशिक्षण में सभी जिलों के भू-अभिलेख अधिकारी और भू-अभिलेख अधीक्षक शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट: केन्द्रीय नीति आयोग की सलाहकार निधि छिब्बर ने ली प्रगति की जानकारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार के नीति आयोग की सलाहकार श्रीमती निधि छिब्बर ने आज मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ में बनाए जा रहे विजन डॉक्यूमेंट 2047 के संबंध में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। राज्य नीति आयोग के अधिकारियों ने उन्हें विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घ अवधि के सुझाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। विजन डॉक्यूमेंट बनाने का दायित्व राज्य नीति आयोग को सौंपा गया है। राज्य नीति आयोग द्वारा पिछले लगभग एक माह से लगातार विषय विशेषज्ञों के साथ बैठकों का आयोजन कर विस्तृत विचार विमर्श किया जा रहा है। विशेषज्ञों के सुझाव को एकत्र किया जा रहा है। राज्य नीति आयोग द्वारा विजन डॉक्यूमेंट बनाने के लिए 8 वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर हाल में ही रायपुर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट में सुशासन और विकसित छत्तीसगढ़ को लेकर देश के जाने माने विशेषज्ञों के साथ बौद्धिक विचार-विमर्श किया। छत्तीसगढ़ के परिस्थितियों के मद्देनजर विशेषज्ञों और छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों के बीच विकसित छत्तीसगढ़ और सुशासन के लिए विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर राज्य के सभी विधायकों और मंत्रिगणों से भी अपने सुझाव देने का आग्रह किया है। यह भी बताया कि विजन डॉक्यूमेंट को लेकर नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं से सुझाव लेने की भी पहल की जाएगी। इसके लिए जनसंवाद का भी आयोजन करने की योजना है।

बैठक में योजना आयोग और सांख्यिकी विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद सहित राज्य नीति आयोग की सलाहकार संस्थाओं के प्रतिनिधि और राज्य नीति आयोग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश करेंगे न्यायिक जाँच

## जाँच समिति 3 माह के भीतर राज्य शासन को रिपोर्ट देंगे



**रायपुर।** राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है द्य राज्य शासन ने 6 बिन्दुओं पर जाँच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जाँच का आदेश जारी किया है द्य छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश सी बी बाजपेयी की एकल सदस्यीय टीम इस घटना की जाँच कर 3 माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को देंगे।

ज्ञातव्य है कि विगत 15 और 16 मई 2024 की रात्रि में बलौदाबाजार जिले के गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने गत दिवस बलौदाबाजार में न्यायिक जांच कराये जाने की घोषणा की थी द्य गृह मंत्री की घोषणा पर राज्य शासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आज उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश सी बी बाजपेयी की एकल सदस्यीय टीम घटना की जाँच करेंगे और 3 माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को देंगे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### विधानसभा मानसून सत्र 22 जुलाई से, विस अध्यक्ष ने दी जानकारी

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगी। मिली जानकारी के अनुसार 22 से 31 जुलाई तक मानसून सत्र चलेगा। बता दें कि यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने दी है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अब तक जहाँ पुराने विधानसभा भवन में सदन की कार्रवाईयाँ पूरी होती रही हैं तो वही अब आने वाले दिनों में सदन से जुड़ी कार्रवाई नए विधानसभा भवन में संपन्न हो सकेगी। संभव हैं कि मौजूदा सहाय सरकार के कार्यकाल में ही प्रदेश को यह उपलब्धि हासिल हो जाये। दरअसल गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अगुवाई में नए विस भवन के निर्माण प्रगति पर चर्चा हुई हैं। उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने और जल्द काम पूरा किये जाने के निर्देश भी दिए हैं।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रदेश का नया विधानसभा भवन 2025 तक बनकर तैयार हो जायेगा। नए विस् भवन का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कराने की तैयारी के जा रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा नए विधानसभा का निर्माण कार्य 66 फीसदी पूर्ण हो चुका है। इस साल दिसम्बर तक स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा होगा, वही इसके बाद इंटीरियर का काम शुरू होगा। नए विधानसभा भवन में सौर ऊर्जा की बिजली से रोशन होगा। उन्होंने कहा कि यह हिंदुस्तान के लिए उदाहरण बनेगा। नए विधानसभा भवन में ग्रीनरी पर भी विशेष फोकस किया जाएगा।

### रक्तदाता समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं: विष्णु देव साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व



रक्त दान दिवस के अवसर पर खासकर युवाओं से रक्त दान कर लोगों का जीवन बचाने की अपील की है। श्री साय ने कहा है हर साल 14 जून को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित पूरी दुनिया रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व रक्त दान दिवस मनाती है।

श्री साय ने कहा कि आपात स्थितियों, बीमारी, दुर्घटना सहित प्रसव मामलों में जीवन रक्षा के लिए रक्त अति आवश्यक होती है। कई बार आकस्मिक परिस्थितियों में लोगों को सरलता से रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता है। श्री साय ने कहा कि रक्तदान महादान के महत्व को जन-जन समझें। रक्त देने में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। रक्तदान महादान है और रक्तदाता समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं।

बंगोली के पटवारी और ग्राम पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

# मनरेगा के कार्यों का कलेक्टर ने किया अवलोकन, श्रमिकों से जाना हाल-चाल

**रायपुर ( ए. )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज तिल्दा विकासखंड के ग्राम अड़सेना व बरौंडा में मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तालाब गहरीकरण के कार्य में लगे श्रमिकों से बात कर उनका हाल-चाल जाना साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। कलेक्टर ने तालाब किनारे गहरीकरण के काम में लगे ग्रामीणों के लिए छाया की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा और मेडिकल किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने तालाब किनारे तारफेंसिंग करवाकर शीघ्र सघन वृक्षारोपण अभियान पूर्वक समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, एडीएम प्रकाश टंडन, कृषि उप संचालक राजेंद्र कुमार कश्यप भी उपस्थित थे।



कार्यालय पटवारी हल्का नंबर -38 एवं ग्राम सचिव ग्राम पंचायत बंगोली, जनपद पंचायत तिल्दा का आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने पटवारी बस्ता, ग्राम पंचायत में विगत वर्षों से दिन्वगत व्यक्तियों का फ़वती नामांतरण , सीमांकन एवं नामांतरण के लंबित मामले तथा जन्म पंजी, मृत्यु पंजी की जाँच की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्राम पंचायत से स्कूल में अध्ययन कर रहे बच्चों का जाति प्रमाण पत्र शत प्रतिशत बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

ग्राम पंचायत बंगोली के पंचायत कार्यालय निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सचिव को ग्राम वासियों को शासकीय योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामवासियों को दी जा रही सामाजिक सुरक्षा/पेंशन, राशन कार्ड वितरण एवं राशन वितरण जैसी सुविधाओं की जानकारी भी पंचायत सचिव से ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय के समस्त पंजियों की जाँच की। उन्होंने ज़िला पंचायत सीईओ को ग्राम पंचायत सचिवों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन करने के निर्देश दिये जिसमें कार्यालय प्रबंधन, दस्तावेज संधारण, पंजी संधारण सहित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए ज़रूरी प्रशिक्षण शामिल हों। निरीक्षण के दौरान ज़िला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) प्रकाश टण्डन उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें प्रगति की सतत् समीक्षा होः मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन की प्रगति की समीक्षा की**

**रायपुर ( ए. )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन, विधायक विश्रामगृह एवं विधानसभा के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बन रहे आवासों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि निर्माण कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। समय-समय पर प्रगति की समीक्षा की जाए। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बैठक में कहा कि विधानसभा भवन का निर्माण आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखकर किया जाना है। हमारा प्रयास यह हो कि पूरा विधानसभा सौर ऊर्जा से संचालित हो। यह पूरे देश के लिए एक उदाहरण बने। उन्होंने कहा कि पूरा परिसर हरित वातावरण से सुसज्जित हो इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। उन्होंने परिसर में बागवानी के पौधों के अलावा छत्तीसगढ़ के मुख्य वृक्षों महुआ, कुसुम, साल और सागौन जैसे वृक्षों का रोपण किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के साथ ही ऐसी व्यवस्था अपनाने की बात कही जिससे पानी का पुन: उपयोग सिंचाई में भी किया जा सके। उन्होंने परिसर में एक प्राकृतिक तालाब भी निर्मित करने



की बात कही जिससे पानी की उपलब्धता बनी रहे। निर्माण कार्य में तीव्रता और कसावट लाने के लिए अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मुख्य सचिव को प्रति माह बैठक आयोजित कर समीक्षा करने की भी बात कही।

संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण में उच्च एवं आधुनिक गुणवत्ता के सामान का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा देश भर में अनूठा बने इसका ध्यान रखते हुए निर्माण करें क्योंकि देश भर से लोग विधानसभा भ्रमण के लिए आते हैं। यह छत्तीसगढ़ की बड़ी पंचायत है तो इसकी छटा पूरे देश में दिखाई पड़नी चाहिए। छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक के साथ ही सिरपुर जैसे धरोहरों की रेप्लीका भी दिखाई पड़नी चाहिए।

गौरतलब है कि नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-19 में लगभग 20.78 हेक्टेयर भूमि पर 217.12 करोड़ की लागत से नवीन विधानसभा भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नवीन विधानसभा भवन, विधायक विश्रामगृह एवं विधानसभा के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण हो रहा है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिसम्बर 2024 तक सिविल कार्य और जून 2025 तक इंटीरियर से संबंधित कार्य पूर्ण कर लिए जायेंगे। नवीन विधानसभा भवन 200 विधायकों की क्षमता के हिसाब से निर्मित किया जा रहा है। यह भवन विधानसभा सचिवालय, 03 मीटिंग हॉल, कैंटीन, सेन्ट्रल हॉल, दर्शक दीर्घा, मीडिया लाऊंज, 1 सभागृह, आर्ट गैलरी, चिकित्सालय, बैंक और पोस्ट ऑफिस जैसी मूलभूत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नवीन भवन में संसद भवन के तर्ज पर कैबिनेट मीटिंग हॉल का भी निर्माण किया जा रहा है। भवन को छत्तीसगढ़ की संस्कृति बस्तर आर्ट, जशपुर आर्ट के साथ ही कंटेम्परी अर्बन आर्ट से भी सुसज्जित किया जायेगा।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, वित्त सचिव रजत बंसल, वन एवं पर्यावरण सचिव संगीता आर. सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राजधानी पुलिस द्वारा एक दिवसीय सेमीनार का हुआ आयोजन



**रायपुर ( ए. )।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ममता देवांगन उप पुलिस अधीक्षक सुश्री ललिता मेहर की उपस्थिती में यातायात मुख्यालय के सभागार में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जिला पुलिस बल रायपुर के 65 विवेचकों एवं जिला अभियोजन अधिकारियों का सयुंक्त रूप से एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सहायक प्रध्यापक एवं विधि विशेषज्ञ प्रिया राव द्वारा नवीन कानून के सम्बन्ध में वक्तव्य दिया गया। डॉ प्रिया राव ने सेमीनार के दौरान नवीन कानूनों के बारिकियों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये बताया गया है कि वर्तमान के नवीन कानून में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को विशेष महत्व की श्रेणी में मानते हुये इसके लिये पृथक से अध्याय रखा गया है! अपराधियों की जेल जाने का प्रावधान था।

किन्तु वर्तमान के नवीन न्याय संहिता में अपराधियों से सामुदायिक सेवा कराये जाने के संबंध में नवीन प्रावधान जोड़े गये है, पूर्व में जो राजद्रोह कहलाता था, उसका नाम संशोधित कर देशद्रोह रखा गया है एवं लोगों के वाणी के स्वतंत्रता के अधिकार में वृद्धि की गयी है। अब देश के विरूद्ध अपराधिक कृत्य किये जाने पर ही देशद्रोह का अपराध माना जायेगा। सात वर्ष एवं उससे अधिक सजा संबधी अपराधों में अपराध पंजीबद्ध होने पर पुलिस विवेचना के दौरान अब अनिवार्य रूप से घटना स्थल, गवाही का कथन, का विडियोग्राफी एवं एफएसएल निरीक्षण एवं रिपोर्ट प्राप्त किया जाकर प्रकरण में संलग्न किया जाना अनिवार्य किया गया है।

# कुनबी समाज की महापंचायत 16 जून को वृंदावन हाल में

**रायपुर ( ए. )।** 16 जून 2024 को कुनबी समाज का महापंचायत वृंदावन हॉल रायपुर में होना है जिसकी तैयारी हेतु समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज भवन गोंदवारा रायपुर में संपन्न हुई।

प्रदेश कुनबी समाज के सचिव अमित डोये ने बताया कि बैठक में वर्षभर होने वाले सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें मुख्य रूप सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए भवन में वृक्षारोपण, गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गृह उद्योग का आरंभ, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, स्वास्थ चेकअप सेंटर जैसे सुविधाओं को शीघ्र आरंभ करने पर निर्णय लिया गया। 16 जून को आयोजित महापंचायत में हर जिले के कार्यकारिणी को



अपने जिले में समाज कार्य को संचालित करने हेतु सरल उपाय बताए जाएंगे साथ ही उनके सुझाव भी लिए जायेंगे । समाज द्वारा पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों में जिन सदस्यों ने श्रेष्ठ कार्य किए उन्हें प्रोत्साहित करने सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है । महापंचायत दो सत्र में होगा। प्रथम सत्र में विकास की चर्चा के उपरांत भोजन अवकाश होगा । दूसरे सत्र में सम्मान समारोह एवम पुरुस्कार वितरण किया जाएगा। पुरुस्कार वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से सर्व श्री रंजीत मुनेश्वर, निकेश तितरमारे, दानेश्वर रावत, हेमराज हत्तीमारे, दिलीप गेडेकर, सारिका गेडेकर, मनीषा बारसे, नैना गाड़वे, लता झलके, वनिता कुथे, अनामिका ब्राम्हणकर, हेमलता शिवंकर, रिंकु हुकरे, यमु फुंडे, गोपाल कुथे, संगीता भंडारकर, ज्ञानेश्वर झमझारे, विनोद फूंडे उपस्थित थे।

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ममता देवांगन ने युवाओं को नशा के खिलाफ किया प्रोत्साहित**

# युवाओं ने लिया नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प

**रायपुर ( ए. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में युवाओं-बच्चों में उनकी प्रतिभा को विकसित करने, व्यक्तित्व निर्माण करने, चरित्रवान-संस्कारवान बनाने, समाज को नशामुक्त करने, पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जागरुकता के उद्देश्य से पांच दिवसीय आवासीय वयक्तित्व निर्माण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

युवा शिविर आयोजक प्रमुख श्रीमती उर्मिला नेताम ने बताया कि 10 से 14 जून तक गायत्री प्रज्ञापीठ कुशालपुर रायपुर में आयोजित शिविर में बच्चों एवं युवाओं को नशा करने से समाज एवं राष्ट्र को होने वाली हानी के बारे में बताया गया। शिविर में पुलिस प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ममता देवांगन ने उपस्थित बच्चों एवं युवाओं कों पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे ''निजात'' अभियान के तहत निजात-नशा के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हुए सुरक्षित जीवन जीने हेतु ''नशे को ना-जिंदगी को हां'' के संबंध में बताया। साथ ही पुलिस को अपना मित्र मानकर पुलिस को आपराधिक बातों की




जानकारी देने कहा गया। उनके द्वारा कहा गया कि आज महिलाएं भी सशक्त हैं एवं हर स्तर पर पुरुष वर्ग की भांती ही कार्य कर रहीं है। शिविर में उपस्थित कन्याओं को महिलाओं से संबंधित अपराध एवं सुरक्षा के उपाय बताते हुए कहा कि यदि किसी भी तरह का अपराध महिलाओं पर किया जाता है तो वे तुरंत इसकी जानकारी अपने परिजनों को एवं पुलिस को देवें। शिविराशिर्थयों के द्वारा सांयकाल कुशालपुर क्षेत्र में समाज को नशामुक्त बनाने हेतु रैली निकालकर नशे के विरुद्ध संदेश दिया गया। उपस्थित सभी बच्चों एवं युवाओं ने नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। शिविर के संचालन में जी.एस. मंडावी, कमल सिंह पैकरा, टी.आर. साहू, रघुराज सिंह राय, इंदिरा ठाकुर,आशीष राय, ललेश प्रधान, सनमान सिंह, उदय बिसेन, पूर्णिमा साहू, माधुरी साहू, मृत्यंजय प्रजापति, हीरालाल निषाद, पूर्णिमा कश्यप सहित क्षेत्रवासियों की प्रमुख भूमिका है।

12 जून से दुर्गा मंदिर परिसर, कांदुल बोरियाखुर्द, संतोषीनगर में गायत्री परिवार जिला समन्वय समिति रायपुर एवं प्रज्ञापीठ सन्तोषीनगर द्वारा आयोजित व्यक्तित्व निर्माण शिविर का शुभारंभ रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, पार्षद श्रीमती उमा चन्द्रहास चंद्राकर, गायत्री परिवार के संरक्षक सदस्य दिलीप पाणीग्रही, जिला समन्वयक लच्छुराम निषाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र धुरंधर, सरपंच अश्विन लहरे, पूर्व सरपंच श्रीमती तिलेश्वरी धुरंधर,प्रेमशंकर गौटिया,कामराज साहू सरपंच दतरेगा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजन समिति में हरिराम साहू, रामकृष्ण साहू, हीरालाल साहू, लेखराम युवराज,एवं बहुत से परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में 120 बच्चों एवं युवाओं ने पंजीयन करवाया व सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि शिविर के माध्यम से गायत्री परिवार द्वारा श्रेष्ठ समाज एवं सुनहरे राष्ट्र के निर्माण हेतु नई पीढ़ी के बच्चों को सुसंस्कृत, सभ्य व शालीन, चरित्रवान, उर्जावान, ज्ञानवान, बनाया जा रहा है, जो अभिनंनदीय एवं वंदनीय है। गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा दिया गया नारा ''हम बदलेंगे-युग बदलेगा मूर्त रुप ले रहा है।'

# मुख्यमंत्री विष्णु देव से सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रायपुर ( ए. )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में सतनामी महासभा समिति के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले की घटना बहुत ही निंदनीय है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने इस दौरान समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि निर्दोश लोगों को किसी भी तरह से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पूर्णत: न्यायसंगत होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक स्वर से कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शांति एवं सद्भावना बनाये रखने के लिए किए जा रहे कार्यों में समाज की पूर्णत: सहभागिता है और आगे भी रहेगी। उनके द्वारा बताया गया कि सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास का अनुयायी है और यह सदैव से एक शांतिप्रिय समाज रहा है। सतनामी समाज इस घटना की कड़ी निंदा करता है। घटना को असमाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया है इसमें समाज की कोई संलिप्तता नहीं है। समाज मे इस घटना को लेकर गहरा दुख है। हम चाहते हैं कि जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना होने पाए।

इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, भूतपूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नू लाल मोहले और सतनामी समाज के प्रमुख डॉ. बसन्त अंचल, लक्ष्मी सिन्हा, चौथराम भारद्वाज, राजेश आदिले, भुवनलाल लहरे, भरत लाल खांडे, रामेश्वर सोनहरे, एमपी कुर्रे, दिनेश लहरे, डॉ. एस एल निराला, प्रदीप श्रृंगी, देवेंद्र रात्रे, डॉ. प्रकाश कुर्रे आदि शामिल थे।






















# अवनीत कौर और सनी सिंह की फिल्म लव की अरेंज मैरिज का गाना दिल समझदार जारी

**अभिनेता सनी सिंह पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली फिल्म लव की अरेंज मैरिज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सनी की जोड़ी छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री अवनीत कौर के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब निर्माताओं ने लव की अरेंज मैरिज का नया गाना दिल समझदार जारी कर दिया है, जिसे सुखविंदर सिंह ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं।**

लव की अरेंज मैरिज छोटे शहर की कहानी है, जिसमें लव और इशिका की लव स्टोरी दिखाई गई है। हालांकि, यह लव स्टोरी इतनी आसान भी नहीं है, जितनी दिख रही है।

लव की अरेंज मैरिज का प्रीमियर 14 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होने जा रहा है।इस फिल्म में सनी और अवनीत के अलावा अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक, राजपाल यादव, सुधीर पांडे और परितोष त्रिपाठी जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।इशरत खान ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। अभिनेता सनी सिंह को आखिरी बार प्रभास और कृति सैनन के साथ फिल्म आदिपुरुष में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

लव की अरेंज मैरिज की टक्कर महाराज से होगी, जो 14 जून को ही नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इस फिल्म से आमिर खान के बेटे जुनैद खान डेब्यू कर रहे हैं। इस पीरियड फिल्म में जयदीप अहलावत नेगेटिव रोल में हैं।



# अनन्या पांडे ने क्रॉप टॉप पहने हुए शेयर किया बेहद क्यूट लुक




बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही क्यूट लुक्स में तस्वीरें क्लिक करवाई हैं, जिसमें उनकी खूबसूरती देखकर फैंस का दिल मचल गया है।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में अपने लेटेस्ट क्यूट अंदाज में फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी ज्यादा गॉर्जियस नजर आ रही हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक फोटोज पर अपना दिल हार जाते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी अनन्या पांडे का स्टनिंग लुक देखकर लोग दीवाने हो गए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर का क्रॉप टॉप और लोअर पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा क्यूट और हॉट लग रही हैं। दरअसल, एक्ट्रेस अनन्या पांडे की ये तस्वीरें एक इवेंट के दौरान की है, जहां उनका ये खूबसूरत और प्यारा सा अंदाज देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।

लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं, साथ ही उनका ये लुक फैंस की धड़कनें भी बढ़ा रहा है। अनन्या पांडे की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो क्यूट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- आप बहुत सुंदर हैं। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- सो अमेजिंग। एक्ट्रेस अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

# विजय सेतुपति की महाराजा की कहानी से उठा पर्दा! रिलीज से पहले डरा देने वाला है नया ट्रेलर रिलीज






**विजय सेतुपति की महाराजा 14 जून को तमिल और तेलुगू में रिलीज होने के लिए तैयार हैं, जो कि साउथ स्टार की 50वीं मूवी होगी। फिल्म को डायरेक्ट किया निथिलन स्वामिनाथन ने वहीं विजय के साथ अनुराग कश्यप भी अहम किरदार में नजर आ रहे हैं। हाल ही में मूवी का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें बॉलीवुड डायरेक्टर की केवल झलक देखने को मिली थी। लेकिन अब नए ट्रेलर में फिल्म की कहानी से पर्दा उठ गया है। वहीं फैंस कहते दिख रहे हैं कि यह डरा देने वाला ट्रेलर है।**

महाराजा की टीम ने कुछ घंटे पहले ही नया ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें विजय सेतुपति ने एक बार फिर लोगों का ध्यान खींचा है। जबकि अनुराग कश्यप का अनदेखा अवतार देखने को मिल रहा है। फिल्म में इन दो स्टार्स के अलावा ममता मोहन दास और नैटी अहम रोल में नजर आ रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय सेतुपति को विक्रम, मास्टर और 96 जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वहीं फैंस उनके विलेन अवतार को देखने के लिए काफी एक्साइटेड रहते हैं। जबकि बॉलीवुड में उनका जवान फिल्म का रोल अभी भी फैंस को पसंद है। हालांकि साल 2024 में रिलीज हुई कटरीना कैफ के साथ आई मैरी क्रिसमस फैंस के बीच इतनी छा नहीं पाई। लेकिन देखना होगा कि महाराजा फैंस का कितना ध्यान खींचने में कामयाब हो पाती है।

# मेरे पेरेंट्स मुझे एक्ट्रेस नहीं, एथलीट बनते देखना चाहते थेः अद्रिजा रॉय



**इमली फेम अद्रिजा रॉय इन दिनों टीवी सीरियल कुंडली भाग्य में नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके पेरेंट्स उन्हें एक्ट्रेस नहीं बल्कि एथलीट बनते देखना चाहते थे। अद्रिजा रॉय ने कहा, मेरे पेरेंट्स चाहते थे कि मैं एक एथलीट बनूं। मैंने पश्चिम बंगाल में नेशनल लेवल पर खेला है और दौड़ में मेडल भी लिए हैं। अपने कॉलेज के दिनों में, जब मैंने एनुअल फंक्शन और थिएटर में हिस्सा लेना शुरू किया तो, मुझे एहसास हुआ कि मैं एक्टिंग में अपना अच्छा करियर बना सकती हूं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह मेरे लाइफ का टर्निंग प्वाइंट था। इन फेस्ट का हिस्सा बनकर, मुझे एहसास हुआ कि एक्टिंग एक ऐसी चीज है जिसे मैं एन्जॉय करती हूं। इसके बाद मैंने कई ऑडिशन दिए।**

आखिरकार, मेरा शौक पैशन में बदला और मेरी मेहनत रंग लाई। मेरे पेरेंट्स पहले तो खुश नहीं थे, लेकिन अब वह मुझे टीवी पर देख बहुत खुश होते हैं। लाइफ हमें उस जगह ले जाती है जहां हम होना चाहते हैं। शुरू में कोलकाता से मुंबई जाना मुश्किल था, लेकिन अंत भला तो सब भला। अपने पेरेंट्स के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अब वे मुझे एक एक्ट्रेस के रूप में देख खुश हैं। वे मुझे कुंडली भाग्य में पालकी का खूबसूरत किरदार निभाते हुए देख रोमांचित होते हैं। यह मेरे सपनों को हकीकत में बदलने की दिशा में एक कदम है और मैं वास्तव में खुश हूं कि मेरी जर्नी कैसे आगे बढ़ रही है। कुंडली भाग्य में प्रीता के रोल में श्रद्धा आर्य, करण के किरदार में शक्ति आनंद, राजवीर की भूमिका में पारस कलनावत हैं।

वहीं पालकी का किरदार अद्रिजा रॉय निभा रही हैं। इनके अलावा, शौर्य का रोल बसीर अली अदा कर रहे है। शो की कहानी इन्हीं सभी किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। कुंडली भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, अद्रिजा रॉय ने कई रिजनल फिल्में और सीरीज की हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में संन्यासी राजा, जय काली कलकत्तावाली और परिणीता जैसे शो में काम किया। उन्हें लोकप्रियता पोतोल कुमार गांवाला शो से हासिल हुई। यह शो स्टार जलसा पर प्रसारित होता था। कई टीवी सीरियल के बाद, उन्होंने राज चक्रवर्ती एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फिल्म परिणीता में सपोर्टिव रोल निभाया।

# मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने के लिए अपनाएं ये 5 प्रभावी तरीके

**गर्मियों में लगातार पसीना आने से शरीर में पानी की कमी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए गर्मी के मौसम में जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, खान-पान पर ध्यान देना चाहिए।शरीर को हाइड्रेट रखना सबसे पहला और महत्वपूर्ण नियम है, लेकिन इस चक्कर में मीठी ड्रिंक्स का सेवन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर मीठी ड्रिंक्स की लालसा को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।**

## भरपूर पानी का करें सेवन

मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने का सबसे आसान तरीका एक भरपूर पानी का सेवन करना है।दरअसल, कई लोग प्यास लगने पर मीठी और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पीने का मन होने लगता है क्योंकि इनका स्वाद अच्छा लगता है, लेकिन हाइड्रेट रहकर इस लालसा को कम किया जा सकता है।लाभ के लिए अपने पास पानी से भरी बोतल रखें और समय-समय पर इसका सेवन करते रहें।यहां जानिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के तरीके।

## फल का करें सेवन

मीठी ड्रिंक्स के नियमित सेवन से मोटापे, उच्च ब्लड शुगर स्तर, अर्थराइटिस जैसी कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।इसलिए इसका लालसा को कम करने के लिए फलों का चयन करें। तरबूज, खरबूजा, लीची और जामुन जैसे पानी से भरपूर फल न सिर्फ भूख मिटा सकते हैं, बल्कि शरीर को हाइड्रेट रखने में भी सहयोग प्रदान कर सकते हैं।अतिरिक्त लाभ के लिए फलों की चाट बनाकर खाएं, जो स्वाद और पोषक तत्व, दोनों प्रदान करेगी।

## तनाव को नियंत्रित करें

तनाव जैसे मानसिक विकार भी मीठी चीजों की लालसा का कारण बन सकते हैं।दरअसल, तनाव से कोर्टिसोल (एक प्रकार का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जिससे मीठी चीजे खाने का मन करता है। इसलिए अपने तनाव के स्तर को कम करने की पूरी कोशिश करें।इसके लिए आप थोड़ा टहल सकते हैं या फिर ब्रीदिंग एक्सरसाइज कर सकते हैं। यकीनन इससे आपको काफी फायदा होगा।



## पोषक तत्वों से भरपूर ड्रिंक्स पिएं

जब आप पहले से ही जानते हैं कि आपको क्या खाना-पीना चाहिए तो यह मीठी ड्रिंक्स की लालसा को खत्म करने में मदद कर सकता है।इसके अलावा डाइट में फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और अन्य खनिजों से युक्त ड्रिंक्स को शामिल करें। इससे मीठी ड्रिंक्स की लालसा की गुंजाइश भी कम हो जाएगी।लाभ के लिए नींबू पानी, बेल का शरबत और नारियल पानी का सेवन करें और घर पर बनाई जाने वाली ड्रिंक्स में चीनी न मिलाएं।

## एक नियम बना लें

दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने के लिए एक नियम बना लें क्योंकि इससे मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने में मदद मिल सकती है।उदाहरण के लिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी का सेवन करना, फिर लंच के बाद एक गिलास पानी का सेवन करना, फिर रात के खाने से पहले तीन-चार बार एक गिलास पानी का सेवन करना और सोने से पहले एक गिलास पानी का सेवन करना।

## खास खबर

### बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में काम-काज सामान्य दिनों की तरह फिर से शुरू

**रायपुर ( ए. )।** बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में सामान्य दिनों की तरह काम-काज फिर से शुरू हो गया है। सभी विभागों के अधिकारी आम दिनों की तरह ही अपने-अपने विभागों का काम-काज कर रहे हैं। जिला प्रशासन की पहल पर बलौदाबाजार स्थित कलेक्टर परिसर स्थित संयुक्त कार्यालय में गत दिनों हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों के बीमा क्लेम दिलाने के लिए जनसुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र में बीमा क्लेम प्राप्त करने के लिए कोई भी आम नागरिक और शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जिनका स्वयं का वाहन इस घटना में क्षतिग्रस्त हुआ है, इस जन सुविधा केन्द्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। नवनियुक्त कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहन के स्वामियों को बीमा क्लेम दिलाने में सहयोग दिया जा रहा है, ताकि क्षतिग्रस्त वाहन स्वामियों को बीमा की राशि प्राप्त करने में आसानी हो। उन्होंने बताया कि जनसुविधा केन्द्र में बीमा क्लेम के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित बीमा कंपनियों को भेजा जाएगा, जिससे क्षतिग्रस्त वाहनों के स्वामियों को बीमा राशि मिल सके। उन्होंने बताया कि कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 में जनसुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। बीमा क्लेम प्राप्त करने के लिए वाहन मालिकों को आवश्यक दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करना होगा। जनसुविधा केन्द्र के नोडल अधिकारी जिला कोषालय अधिकारी को नोडल अधिकारी और जिला परिवहन अधिकारी तथा लीड बैंक मैनेजर को सदस्य बनाया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कलेक्टोरेट में काम-काज सामान्य दिनों की तरह चालू हो गया है। सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभागों का काम-काज सुचारू रूप से कर रहे हैं। आम जनता की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिले में शांति, सदभाव बनाये रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करें।

### संसद में गूंजेगा नीट परीक्षा का मामला विपक्ष ने की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली ( ए. )।** नीट परीक्षा का मामला अब संसद के भीतर उठाया जाएगा। विपक्ष ने घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा है कि नीट परीक्षा की गूंज संसद के भीतर गूंजेगी। कांग्रेस ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गुरुवार को आरोप लगाया कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ। मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए। अगर सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में इस पूरे मामले की जांच हो। गौरतलब है कि देशभर के 24 लाख छात्रों ने नीट के लिए आवेदन किया था। गौरव गोगोई ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नेतृत्व में यह पूरा स्कैम हुआ है और अब एनटीए को ही जांच करने के लिए कहा गया है। ऐसे में निष्पक्ष जांच की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। कांग्रेस ने कहा कि नीट परीक्षा में जिन 1563 छात्रों को अतिरिक्त अंक प्रदान किए गए, उन सभी को अब दोबारा परीक्षा देनी होगी। इन छात्रों के लिए 23 जून को परीक्षा होगी। ऐसे छात्र जो दोबारा परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके अतिरिक्त स्कोर (ग्रेस मार्क्स) को रद्द किया जाएगा। ग्रेस मार्क्स हटाने के बाद जो इन छात्रों का स्कोर होगा, वहीं अंतिम स्कोर माना जाएगा। गोगोई ने कहा कि इस परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री चुप हैं। जिस (एनटीए) एजेंसी के नेतृत्व में यह पूरा घोटाला हुआ उसी को जांच करने की जिम्मेदारी दे दी गई। देशभर में लाखों छात्र एक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इतना बलिदान करते हैं। लेकिन आज देश में कोचिंग सेंटर और एग्जाम सेंटर की एक मिलीभगत है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रश्न जानने के लिए लाखों रुपए मांगे जाते हैं, क्या एनटीए इसकी जांच कर पाएगा। अगर एग्जाम सेंटर, कोचिंग सेंटर को किसी सुराग से प्रश्न पत्र मिला है तो इसमें जरूर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का कोई अधिकारी शामिल है। ऐसे में कैसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी इस पूरे प्रकरण की जांच कर सकती है। गोगोई ने कहा कि आज 24 लाख छात्रों ने जो नीट परीक्षा दी, उसमें घोटाले का आरोप लगा है। ऐसे में प्रधानमंत्री क्यों नहीं इस परीक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। यदि केंद्र सरकार सीबीआई जांच की मांग नहीं मानती है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में इस मामले की जांच करवाई जाए।

# बूंद-बूंद को तरसते लोग: धरी की धरी रह गई जल जीवन योजना

## झिरिया के पानी से प्यास बुझा रहे ग्रामीण

**कोरिया।** एक ओर जहां केंद्र और राज्य सरकार आमजन के लिए मूलभूत सुविधाओं को उन तक पहुंचाने को लेकर प्रयासरत है। वहीं, दूसरी ओर जिले में जिस विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है वे मजे से एसी कमरे में बैठे हैं और नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रहे हैं। सरकार की महत्वपूर्ण योजना में से एक जल जीवन मिशन का कोरिया जिले में बुरा हाल है। यह योजना कोरिया जिले में कितनी सफल हो पाएगी इस पर भी प्रशन चिन्ह लगता नजर आ रहा है।



जिले में आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे गांव हैं, जहां पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत और लंबी दूरी तय करनी होती है, तब कहीं जाकर उनकी प्यास बुझती है और उन्हें पीने के लिऐ पानी उपलब्ध हो पाता है। कोरिया जिले में स्थित तुर्री पानी ग्राम की भी कहानी कुछ ऐसी ही है। जिले के सोनहत ब्लॉक में स्थित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अन्दर बसा एक गांव तुर्रीपानी है, जहां आज भी लोग तुर्रे का पानी पीकर अपनी गुजर बसर कर रहे हैं।

इस तुर्रे से ही इस गांव का नाम तुर्री पानी पड़ा। यह तुर्रा किसी समतल स्थान पर नहीं है, बल्की तुर्रे तक पहुंचना बहुत ही संघर्ष पूर्ण है और तुर्री पानी की ग्रामीण महिलाएं और पुरुष यह कार्य रोज करते हैं। यह तुर्रा घने जंगल में पहाड़ों के नीचे स्थित है। जहां प्रतिदिन महिलाएं पहाड़ी चट्टानों से होते हुऐ सैकड़ों फीट नीचे जाकर तुर्रे से पानी भरकर वापस लौटती हैं। तुर्रे के पास ही खतरनाक सांपों का डेरा रहता है तो वहीं जंगली जानवरों का भी भय हर समय बना रहता है।

बावजूद इसके ग्रामवासी आज भी इस तुर्रे पर ही निर्भर हैं और यहीं से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। कहने को तो गांव में तुर्रे से पानी के लिए सोलर पंप और पाइप भी बिछाया गया है और उसमें पानी भी आता है, लेकिन वह पानी ग्राम वासियों के लिऐ पर्याप्त नहीं होता तो वहीं गर्मी के दिनों मे पानी गर्म आता है और पीने में स्वाद भी अच्छा नहीं लगता, जिस कारण ग्रामीणों को मजबूरन तुर्रे से ही पानी लाना पड़ता है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन का कार्य और नल के बेस तो बने हैं, लेकिन न ही टंकी का पता है और न ही पानी का। दो साल से ये योजना ग्रामवासियों के लिए सिर्फ सफेद हाथी साबित हो रही है।

वहीं, संबंधित लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के ईई सीबी सिंह ने कहा कि वहां भू-जल की समस्या है और टयूबवेल असफल हो जाता है। हालंकि दो सौ फीट से दो स्टेज में पानी लाते हैं। हाथियों ने कुछ स्थान पर पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है तो कुछ जगह ग्रामीणों ने नुकसान कर दिया। पाइप से इसलिए अभी एक ही जगह पानी गिर रहा है।

# 22 जुलाई से शुरू होगा संसद का मॉनसून सत्र

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी पूर्ण बजट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नई सरकार का गठन हो चुका है। अब लोगों की निगाहें संसद सत्र पर हैं, जहां कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा की संभावना है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक संसद का मॉनसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस सत्र के 9 अगस्त तक चलने की संभावना है। सरकार मॉनसून सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पूर्ण बजट भी पेश कर सकती है। आपको बता दें कि चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में एक अंतरिम बजट पेश किया था। अब खबर यह भी आ रही है वित्त मंत्रालय 17 जून तक विभिन्न मंत्रालयों के साथ बजट को लेकर बैठकें शुरू कर देगा।

इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजुजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ इस सत्र की शुरुआत होगी। इसके बाद 22 जुलाई से मॉनसून सत्र आरंभ होगा। आपको बता दें कि 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया था, जिसमें पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की आर्थिक उपलब्धियों और देश के दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने के तरीके पर प्रकाश डाला गया था। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान निरंतर बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन पर है। इसके अलावा उन्होंने किसानों, युवाओं, महिलाओं और सबसे गरीब परिवारों को प्राथमिकता देने की भी बात कही थी।

# चावल वितरण में लापरवाही हुई तो होगी सख्त कार्रवाई - खाद्यमंत्री बघेल

## हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण चावल का वितरण सुनिश्चित करें

**रायपुर ( ए. )।** गरीबों के हक का चावल उन तक पहुंचाना सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता है। वितरण में लापरवाही अथवा खराब चावल के वितरण की सूचना मिली तो, संबंधित खाद्य अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आज नवा रायपुर में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य विभाग के सचिव बसवराजू एस., संचालक जितेन्द्र कुमार शुक्ला, विशेष सचिव के.डी. कुंजाम, अपर संचालक राजीव कुमार जायसवाल, जिला स्तरीय खाद्य अधिकारी, सहायक खाद्य अधिकारी, विपणन अधिकारी और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

श्री बघेल ने अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि उचित मूल्य दुकान के माध्यम से लोगों तक प्रत्येक माह समय पर राशन वितरण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी खाद्य अधिकारी के संबंध में शिकायत मिलती है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी पंजीकृत श्रमिकों का शत-प्रतिशत भी राशन कार्ड बनाने के लिए कहा है और खाद्य अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उचित मूल्य दुकानों में चावल, चना, शक्कर, नमक, केरोसिन भंडारण की स्थिति, हितग्राहियों को वितरण की स्थिति, स्टॉक पंजी सहित अन्य जानकारी का अवलोकन करने के लिए कहा है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि गरीबों का हक का चावल उन्हें ही मिलना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की कटौती एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। चावल वितरण के संबंध में शिकायत मिलने पर खाद्य अधिकारी एवं सहायक खाद्य अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। चावल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। किसी भी स्थिति में खराब चावल का वितरण नहीं करेंगे। खाद्य मंत्री ने बरसात से पूर्व पहुंचविहीन क्षेत्रों में राशन सामग्रियों को अग्रिम भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के ऐसे स्थानों जहां वर्षा ऋतु के दौरान आवागमन मार्ग अवरूद्ध हो जाते है वहां खाद्यान्न शक्कर, नमक तथा केरोसिन उपभोक्ताओं को सुलभ उपलब्ध कराने की दृष्टि से वर्षा ऋतु के पूर्व अग्रिम भण्डारण किया जाता है।

खाद्य सचिव बसवराजू एस. ने खाद्य अधिकारियों को विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों का प्राथमिकता से राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने इसके लिए ग्राम पंचायत वार छूटे हुए सभी हितग्राहियों का चिन्हांकन कर परिवार के सदस्यों को भी राशन कार्ड में नाम दर्ज करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिन राशनकार्ड हितग्राहियों ने अपना कार्ड नवीनीकरण नहीं किया है। वे शीघ्र नवीनीकरण का कार्य करवा लें और छुटे हुए हितग्राहियों का ई-केवायसी करवाने का निर्देश दिया। सार्वजनिक वितरण प्राणाली के अंतर्गत आधार प्रामाणीकरण आधारित राशन सामग्री के वितरण व्यवस्था के लिए राशन कार्डों में मुखिया एवं सदस्यों के आधार नबंर प्राप्त कर राशन कार्ड डेटाबेस में सीडिंग का कार्य किया जा रहा है। जिन धान खरीद्रों केन्द्रों से धान का उठाव नहीं हुआ है वहां से उन्होंने शीघ्र धान का उठान करवाने के निर्देश दिए है। राज्य में 77 लाख 11 हजार 537 राशन कार्डधारी हितग्राही हैं, उचित मूल्य दुकानों की संख्या 13 हजार 789, पहुंचविहीन दुकानों की संख्या 184 है।

समीक्षा बैठक में माह जून में पीडीएस सामग्री का भण्डारण, पहुंच विहीन दुकानों में पीडीएस का भण्डारण, दुकानों में बचत स्टॉक की वसूली, बचत स्टॉक की वसूली, बचत चावल के स्टॉक की वसूली, पंजीकृत श्रमिकों को राशनकार्ड जारी करना, विशेष पिछड़ी जनजाति को राशनकार्ड जारी करना, ई-केवायसी की अघतन जानकारी, नियद नेल्लानार योजना का क्रियान्वयन, उचित मूल्य दुकानों का मासिक निरीक्षण, दुकानों को कमीशन का भुगतान, कॉल सेंटर में दर्ज शिकायतों का निराकरण, न्यायालय में लंबित प्रकरणों में जवाबदावा की स्थिति, राशनकार्ड का नवीनीकरण, खरीफ विपणन वर्ष के चावल उपार्जन की स्थिति, उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की स्थिति, खरीफ विपणन वर्ष में समिति लेखा-मिलान की स्थिति एवं अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की ।

# श्रीनगर के डल झील किनारे पीएम मोदी मनाएंगे योग दिवस

## तीसरे कार्यकाल में पहला दौरा, आतंकी हमलों के बीच बड़ा संदेश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में बीते करीब एक सप्ताह से आतंकवादी हमलों की संख्या बढ़ गई। वैष्णो देवी के पास तीर्थयात्रियों से भरी बस पर हमला हुआ तो उसके बाद तीन और अटैक हुए थे। इन आतंकी हमलों के बाद हालात की समीक्षा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने हाईलेवल मीटिंग भी की थी। इस बीच खबर है कि 21 जून यानी योग दिवस के मौके पर वह श्रीनगर में डल झील के किनारे आयोजन में शामिल होंगे। पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद नरेंद्र मोदी का यह पहला कश्मीर दौरा होगा। अब तक पीएम मोदी की विजिट की आधिकारिक सूचना नहीं है।



सूत्रों का कहना है कि डल झील के किनारे आयोजन की तैयारियां होने लगी हैं। अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था से लेकर आयोजन के इंतजाम तक में जुटे हुए हैं। डल झील के पास ही बने इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे। एक अधिकारी ने बताया, 'पीएम नरेंद्र मोदी 20 जून की शाम को ही श्रीनगर पहुंच जाएंगे। इसके बाद वह 21 तारीख को सुबह योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। हमें उम्मीद है कि इसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे। पीएम मोदी की मौजूदगी के चलते यह हाईप्रोफाइल इवेंट है, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।'

इसी सप्ताह एसपीजी की टीम श्रीनगर पहुंचेगी और इलाके की सुरक्षा व्यवस्था चेक की जाएगी। एलजी मनोज सिन्हा ने प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था चौक-चौबंद रखने का आदेश दिया है। इस आयोजन में जम्मू-कश्मीर से जुड़े कुछ बड़े खिलाड़ी और एथलीट भी शामिल हो सकते हैं। इस आयोजन के लिहाज से भाजपा भी तैयारियों में जुटी है। भाजपा के एक नेता ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि पीएम मोदी कश्मीर में योग दिवस में शामिल होंगे। बता दें कि इस साल मार्च में भी पीएम मोदी श्रीनगर गए थे, जब उन्होंने बख्शी स्टेडियम में एक रैली को संबोधित किया था।

### क्यों अहम है योग दिवस पर पीएम मोदी का कश्मीर जाना

पीएम नरेंद्र मोदी के श्रीनगर में योग दिवस मनाने के प्लान को एक संदेश के तौर पर भी देखा जा रहा है। वह कश्मीर में आयोजन का हिस्सा बनकर यह संदेश देंगे कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है और आतंकवादी हमलों का कोई खास असर नहीं है। दरअसल बीते कुछ दिनों में कश्मीर की बजाय जम्मू से लगते इलाकों को आतंकियों ने निशाना बनाया है। इस ट्रेंड पर संसदीय कार्य राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह का कहना है कि यह आतंकवादियों की बौखलाहट है क्योंकि कश्मीर में वह कोई हरकत नहीं कर पा रहे हैं।

# दिल्ली में जारी जलसंकट जल्द खत्म करने की कोशिश: आतिशी

**नई दिल्ली ( ए. )।** दिल्ली में पेयजल की गंभीर किल्लत बनी हुई है। गुरुवार को तेज गर्मी के बीच दिल्ली के कई रिहायशी इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। इन इलाकों में पानी के टैंकरों से जलापूर्ति की गई, जिसके लिए लंबी-लंबी कतारें देखी गई। दिल्ली सरकार का मानना है कि फिलहाल 40 एमजीडी पानी की कमी है।

दिल्ली सरकार के मुताबिक यह कमी तभी दूर हो सकती है, जब दिल्ली को दूसरे राज्यों से अतिरिक्त पानी की आपूर्ति हो। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को सभी पक्षों के साथ मीटिंग करके जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के मुताबिक दिल्ली के सभी विभागों को पानी की बर्बादी रोकने के काम पर लगाया गया है। बावजूद इसके जो 40 एमजीडी पानी की कमी है, वह इससे पूरी नहीं हो सकेगी। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से भी आग्रह किया है कि अगले कुछ दिन अतिरिक्त जलापूर्ति की जाए।

दरअसल, अगले कई दिनों तक दिल्ली में तेज गर्मी और हीटवेव चलेगी। वहीं, दिल्ली को हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त पानी मिलने की उम्मीद भी कम होने लगी है। जल संकट का विषय तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष भी रखा गया। गुरुवार को आतिशी ने जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाक़ात की। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंत्री आतिशी से दिल्ली में बिजली और पानी की स्थिति पर रिपोर्ट ली।

आतिशी के मुताबिक मुख्यमंत्री ने शहर में पानी की मौजूदा समस्या के तुरंत समाधान के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी विधायकों को ग्राउंड पर जाकर पानी की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए हैं। आतिशी ने कहा कि मुलाक़ात के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले दिल्ली में बिजली और पानी की स्थिति की रिपोर्ट ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खबरों के माध्यम से पता चला है कि दिल्ली में पानी की समस्या है और लोग परेशान हैं। दिल्ली की पानी की कमी को दूर करने के लिए जो-जो कदम उठाने की जरूरत है, जल्द से जल्द उठाए जाएं। गौरतलब है कि दिल्ली में पेयजल का संकट लगातार गहराता जा रहा है। दिल्ली के कई रिहायशी इलाकों में पेयजल उपलब्ध नहीं है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की है।

न्यू किट्टी बुक एंड स्टेशनरी मार्ट
• खाता बही, माला,
• फ्लावर झालर,
• लेजर बुक,
• कैश बुक,
• रोकड़ बही खाता
• कैलेंडर स्टेशनरी सामान
किसी भी बुक एंड स्टेशनरी में जाने से पहले एक बार न्यू किट्टी में जरूर पधारें...
नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई, मो.-9584917866, 6261748903

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# चिल्लाती रही महिला, छह युवकों ने रातभर किया सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## पीड़ित महिला घर पर थी अकेली, पिता के साथ बाहर गया हुआ था बेटा

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत खरमोरा अटल आवास में रहने वाली एक महिला के साथ छह युवकों ने पूरी रात सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़ित महिला को वहीं छोड़कर सभी भाग निकले। सुबह के समय महिला किसी प्रकार थाने पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों का नाम राजेश कुमार गोड, गुलशन गिदोडे, गुलशन नटराज, अजय खेरवार, गुड्डु साहू और संदीप यादव है।

पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि वह घर पर अकेली थी। उसका एक बेटा है, जो अपने पिता के साथ बाहर गया हुआ था। देर रात घर में युवक घुस आए और सभी ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। वह विरोध करती रही, लेकिन युवकों ने उसकी एक न सुनी और उसके हैवानियत करते गए। दुष्कर्म करने के बाद युवक वहां से भाग निकले। सुबह के समय महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की।



सिविला लाइन थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपी कई बार अलग-अलग मामलों में जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं।

## नाबालिग शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**कबीरधाम।** कबीरधाम जिले में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया है। आरोपी को पुलिस ने कवर्धा में घेराबंदी गिरफ्तार किया है। वहीं, आरोपी के कब्जे से पीड़िता छुड़ाया गया है। मामला पांडातराई थाना क्षेत्र का है।

एडिशनल एसपी विकास कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना में 9 जून को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी प्रदीप रघुवंशी पिता शिवचरण रघुवंशी उम्र 21 वर्ष निवासी खण्डसरा को कवर्धा से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ ने बताया कि लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर 13 जून को जेल भेज दिया है। वहीं, पीड़िता को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।



## खास खबर

### कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में दिखा बायसन

**कोरबा ( ए. )।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में बायसन (जंगली भैंसा) देखे जाने के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है। माना जा रहा है कि इस वन्य जीव का आगमन अचानक मार क्षेत्र से हुआ होगा। जो पाली व चैतमा के जंगल होते हुए यहां पहुंचा होगा। इससे पहले पाली के जंगल में काफी दिन पहले बायसन को विचरण करते हुए देखा गया था। तब वन विभाग सक्रिय हुआ था। कुछ दिन यहा के जंगल में दिखाई देने के बाद जंगली भैंसा कही चला गया था। अब पुनरू दिखाए देने पर वन विभाग इसका पता लगाने के लिए सक्रिय हो गया है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम जटगा रेंज के जंगलो में गश्त के लिए निकली थी। टीम में शामिल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सिंघिया के 10 किलोमीटर आगे पहुंचे थे कि राजग्वालीन मंदिर के पास एनआर क्षेत्र में एक बायसन को विचरण करते हुए देखा और इसकी वीडियो व फोटोग्राफी करने के साथ ही उसे अपने कैमरे में कैदकर लिया। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को देखकर बायसन भाग निकाला। वन विभाग की टीम ने वन मंडल कार्यालय पहुंचकर डीएफओ कुमार निशांत सहित वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जिस पर अधिकारियों ने टीम को यह पता लगाने कहा गया कि बायसन कहा आया है और वह जंगल में अकेले ही घूम रहा है कि उसके अन्य साथी भी है। अधिकारियों के निर्देश पर टीम पतासाजी में जुट गई है। बायसन यहां कहां से आया इस बात को लेकर वन कर्मियों में उत्सुकता बनी हुई है।

### मरीन ड्राइव में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कल

**रायपुर ( ए. )।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा, यातायात पुलिस और नारायणा हृदयालय एमएमआई (एनएचएमएमआई) हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 15 जून को मरीन ड्राइव में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान जुम्बा डांस और स्टे फिट विथ मी की टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रोचक तरीके से यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।

इस दौरान स्टे फिट विथ मी की टीम यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले नुकसान और दुर्घटनाओं के परिणामों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाएगी। कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन को सम्मानित किया जाएगा। वहीं एमएमआई हास्पिटल के चिकित्सक सड़क दुर्घटना में घायलों को बचाने और सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए लोगों को यातायात नियमों के महत्व को समझाने और उन्हें पालन करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि इस सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के जागरूकता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाएं और इसका लाभ उठाएं।

## ट्रक ने मारी बाइक सवार दंपती को टक्कर चार साल का मासूम बच्ची की मौत

**भिलाई।** कुम्हारी में एक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मारी दी, इस घटना में चार साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं, बच्ची की मां को सिर पर चोट आई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कुम्हारी थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज में सुबह दुर्ग से रायपुर की और जा रहे दंपती को ट्रक ने पीछे टक्कर मारी दी। जिससे बाइक सवार दंपती गिर गए और बीच में बैठी चार साल की बच्ची ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिससे घटनास्थल पर ही बच्ची को मौत हो है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर कुम्हारी पुलिस पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया और घायल उसकी मां कोअस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची की पहचान कुमारी रियांसी चिचगढ़ जिला गोदिया महाराष्ट्र के रूप में की है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।




कुम्हारी थाना प्रभारी जनक कुर्रे ने बताया कि पुलिस को दुर्घटना होने को सूचना मिलने पर मौके पर स्टाफके साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां पर चार साल की बच्ची को ट्रक ने कुचल दिया और उसकी मां को सिर पर चोट लगी थी। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। वहीं, घायल उसकी मां को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। ट्रक को जब्त कर ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## परीक्षा में दिया गलत पेपर, 10 जुलाई के बाद ली जाएगी आज रद्द हुई परीक्षा

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में छात्रों ने जमकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि BA.LLB सेकंड ईयर की आज 14 जून को परीक्षा थी। इस परीक्षा के पहले ही दिन यूनिवर्सिटी की बड़ी लापरवाही हुई है। छात्रों को परीक्षा हॉल में गलत पेपर दे दिया। जिसका छात्रों ने जमकर विरोध किया।

इसके बाद छात्रों को करीब एक घंटे तक बैठाए रखा। इसके बाद छात्रों ने जमकर हंगामा किया और आज ही पेपर कराने की मांग की। छात्र रविशंकर शुक्ल विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे. और आज ही परीक्षा लेने की मांग पर अड़े हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ छात्रों का गुस्सा फूट रहा। छात्रों ने कहा- विवि प्रबंधन की लापरवाही से भविष्य अधर में सभी छात्र काफी दूर से आए हैं आज ही परीक्षा होना चाहिए। छात्रों के हंगामे के बाद मौके पर रजिस्ट्रार शैलेन्द्र पटेल पहुंचे और छात्रों को भरोसा दिलाते हुए एक सप्ताह में गड़बड़ी की जांच होगी। आज रद्द हुई परीक्षा अब 10 जुलाई के बाद ली जाएगी। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर बड़ी लापरवाही का आरोप भी लगाया है।

## अपराध पर नकेलः कलेक्टर का फरमान 16 आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

**जगदलपुर ( ए. )।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित आपराधिक गतिविधियों में भी प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विजय दयाराम के द्वारा निर्वाचन अवधि के दौरान जिले के 16 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिलाबदर करने का आदेश पारित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जिलाबदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक द्वारा आदतन अपराध करने वाले आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 एवं 6 के तहत जिला बदर की कार्रवाई करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर न्यायालय द्वारा विधिवत आदेश पारित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा पारित आदेश के तहत् जगदलपुर निवासी अमरीश सिंह राजपूत, राकेश सेट्ठी उर्फ मूली, ईमू उर्फइमरान, राजा उर्फटांगरी, रूपेश निषाद उर्फसूरज, कन्नू उर्फकन्हैया बाघवानी, संजू उर्फ मेवालाल, संतोष उर्फ ठीरली, तुलसी श्रेष्ठ उर्फ छोटू उर्फ नेपाली, ओड़ी उर्फ सुभाष, देवेंद्र उर्फ देबू मण्डावी, गनपत सेट्ठी, वासु सेट्ठी उर्फवासु, राजेश यादव तथा हेमन्त उर्फ टाकलु उर्फ छोटू को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत जिलाबदर किया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इन सभी के द्वारा निरंतर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर आम जनता को भयाक्रांत कर समाज में भय और आतंक का माहौल उत्पन्न कर शांति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा उत्पन्न किया जा रहा था, जिसे मद्देनजर रखते हुए उनकी गतिविधियों पर प्रभावी






अंकुश लगा कर आम जनता में अमन-चैन स्थापित करने सहित भयमुक्त वातावरण निर्मित करने हेतु उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 एवं 6 के अंतर्गत जिला बस्तर की सीमाओं, समीपवर्ती जिलों की सीमाओं से आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर जाने हेतु जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

## साप्ताहिक बाजार से चोरों ने व्यापारी के 40 लाख के आभूषण की चोरी

**कोंडागांव ( ए. )।** जिले के बयानार साप्ताहिक बाजार में कोंडागांव के व्यापारी राकेश जैन के चालीस लाख रुपए की चांदी की पेटी की चोरी हो गई। व्यापारी राकेश जैन जो कि सोने-चांदी का व्यवसाय करते हैं। बाजार खत्म होने के बाद वे जैसे ही अपनी पेटियां कुछ दूर खड़ी अपनी गाड़ी में रखने के लिए गए उसी दौरान चोरों ने चांदी से भरी एक पेटी को उठाकर भाग गए। उन्होंने कहा बयानार थाने में आवेदन किया है जेवर की अनुमानित कीमत 40 लाख रुपए के आसपास की है। अभी मिलान कर रहे हैं उसके बाद सही कीमत पता लग पाएगी।

राकेश जैन ने बताया हम लोग साप्ताहिक बाजार बयानार गए थे बाजार खत्म होने के बाद हम अपने सामान को गाड़ी जो कि रोड के किनारे खड़ी थी उसमें डाल रहे थे। जब वापस आए तो उसमें एक पेटी नहीं थी। बयानार थाना प्रभारी रौशन कौशिक ने बताया कि कुछ लोग व्यापारी राकेश जैन की सोने-चांदी की एक पेटी उठाकर ले गए हैं। पेटी में रखे चांदी के आभूषण की कीमत लगभग तीन से चार लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### आरोपी ने पहचान छुपाने के उदेश्य से जला दिया था महिला की लाश

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, मृतका का प्रेमी हुआ गिरफ्तार

**कोरबा ( ए. )।** विगत दिनों कुसमुंडा थानाक्षेत्र में महिला की अधजली लाश मिलने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है तथा मामले में मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। मृतका के द्वारा अपने साथ रहने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी तथा पहचान छुपाने के उदेश्य से लाश को जला दिया था।

बता दें कि 9 जून को जीवन लाल कोटवार ग्राम अमगांव ने कुसमंडा थाने में सूचना दिया कि एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 30 से 40 वर्ष का शव अधजले हालत में सोनदरहा नाला में पड़ा है कि सूचना पर सूचना तस्दीक की गई तथा शव का पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव को पीएम हेतु भेजा गया था। पंचनामा कार्यवाही के दौरान प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का होना प्रतीत हो रहा था महिला अज्ञात थी जिसकी पहचान कराना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। जिसके बाद मामले से वरिष्ठ अधिकारियों का अवगत कराया गया तथा वरिष्ठ



अधिकारियों के निर्देशन मे थाना प्रभारी कुसमुण्डा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ उक्त मामले में मृतिका की पहचान कार्यवाही हेतु लगातार प्रयास किया गया जो ग्राम सेमरा के तेरस राम कश्यप एवं दशरथ कश्यप ने महिला की शिनाख्त कर अपने बहन राम कुमारी कश्यप के रुप में किये महिला की शिनाख्त होने के उपरांत शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ जिसमें डॉक्टर साहब द्वारा गला दबाकर हत्या करना लेख किये शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर अपराध धारा 302 भादवि का घटित होना पाये जाने से प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई।

विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतिका का विगत 03-04 वर्षो से मनबोध भारद्वाज निवासी बोकरा मुड़ा के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। मनबोध अपना घर छोड़कर मृतिका के साथ ही रहता था जो 8 जून को मृतिका को लेकर कटघोरा कोरबा तरफआया था जानकारी प्राप्त होने पर संदेही मनबोध भारद्वाज की तलाश की गई जो मड़वा पावर प्लांट में मिला जिसे पकड़कर लाकर पूछताछ करने पर पहले तो इधर उधर की बातें कर पुलिस को गुमराह करते रहा किंतु कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया और बताया कि विगत 04-05 वर्षों से वह राम कुमारी कश्यप से प्रेम करता रहा है और उसी के साथ रहता था चूंकि मनबोध पहले से शादीशुदा था तथा उसकी पत्नि का कुछ साल पहले मृत्यू हो गई है घर में बच्चे हैं जो मृतिका इस पर दबाव बनाती थी कि तुम यहीं रहो घर जाने की आवश्यता नही है जिससे आरोपी काफ ी खिन्न होकर रामकुमारी की हत्या करने योजना बनाने लगा। और 8 जून को अपने मोटर सायकल प्लेटिना क्र. सीजी 11 एजी 4175 में राम कुमारी को बिठाकर कटघोरा तरफ लेकर जा रहा था कि सर्वमंगला शराब भट्ठी से शराब लेकर वापस हो गया और रास्ते में घटनास्थल के पास बैठकर दोनो ने शराब पी और वहीं पर दोनो के बीच विवाद हो गया और गुस्से में आकर मृतिका के गमछा से ही उसका गला घोंटकर हत्या कर दी तथा मृतिका पहने हुए सोने चांदी के आभूषण निकाल कर तथा उसका मोबाईल लेकर चला गया एवं मृतिका के पहचान को छिपाने के लिये अपने मोटर सायकल से पेट्रोल निकालकर शव को जला दिया। जिसके बाद आरोपी के बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल क्र. सीजी 11 एजी 4175 घटना में प्रयुक्त गमछा मृतिका के सोने चांदी के जेवरात एवं मोबाईल को जप्त किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिस न्यायालय पेश किया जा रहा है।


### कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद (छ.ग.)

कमांक/स्टोर/2024/1854-57 बालोद दिनांक 11/06/2024

**निविदा**

कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद (छ.ग.) के अधीन संचालित आयुष संस्थाओं में आने वाले रोगियों के लिये आयुर्वेद (शास्त्रोक्त एवं पेटेंट), एवं होम्योपैथी औषधियों वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.03.2025 तक ''सी.जी.एम.एस.सी.'' में अनुपलब्ध औषधियों का अनापत्ति पश्चात एवं आयुष संस्थाओं द्वारा मांग अनुरूप क्रय किये जाने हेतु टू-बीड सिस्टम के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, घड़ी चौक बालोद से प्राप्त की जा सकती है ।

निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि :- 26/06/2024 दोपहर 03:00 बजे तक।
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि:- 05/07/2024 दोपहर 02:00 बजे तक।
निविदा खोले जाने की तिथि :- 05/07/2024 दोपहर 03:00 बजे ।

निविदा फार्म की कीमत 500/- (पाँच सौ रूपये मात्र) है, जिसे ''0210-चिकित्सा शिक्षा, 03-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण व अनुसंधान, 101-आयुर्वेद, 0753-विविध प्राप्तियां'' चालान हेड में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्राप्त करें।

नोट :- जिले के स्थानीय औषधि विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

( डॉ. ज्योति गजभिये )
जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद ( छ.ग. )

जी-242500268/5



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### सर्पदंश पीड़ित बालिका को सभी चिकित्सा सुविधा मुहैय्या कराया

**दुर्ग।** जिले के ग्राम बोरीगारका निवासी सर्प दंश पीड़ित मरीज बालिका निशा की स्थिति अत्यंत नाजुक होने के कारण ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतई से 11 जून को जिला चिकित्सालय दुर्ग के लिए रेफर किया गया। मरीज की नाजुक हालत को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय में आवश्यकतानुसार सभी चिकित्सा मुहैय्या कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम ने एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में छपी खबर पर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है कि उक्त सर्प दंश के मरीज को अत्यंत गंभीर स्थिति में केजुवल्टि चिकित्सक के द्वारा तत्काल शाम 7.20 बजे ओ.पी.डी. एवं आई.पी.डी. के माध्यम से भर्ती किया गया तथा मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा मरीज का तत्काल जांच कर जीवन रक्षक दवाईयां एवं सर्प दंश का इंजेक्शन दिया जाकर ऑक्सीजन सपोर्ट में रखा गया। इस दौरान मरीज को आवश्यकतानुसार सभी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराया गया। डॉ. मेश्राम के अनुसार मरीज के परिजनों को मरीज की गंभीर स्थिति के बारे में बताने के बाद परिजनों द्वारा मरीज को अन्यत्र ले जाने के लिए लिखित में अनुरोध किया गया। तत्पश्चात् शाम 7.50 बजे परिजन अपनी जवाबदारी में मरीज को लेकर चले गए।

### कलेक्टर ने की नागरिकों से रक्तदान करने की अपील

**दुर्ग।** जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जून 2024 को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि प्रत्येक नागरिक अपनी स्वेच्छा अनुरूप रक्तदान करें। ताकि आपके द्वारा दिये गये रक्तदान से कई लोगों की जान बचाया जा सके। भारत में सालाना 01 करोड़ युनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन उसकी उपलब्धता 75 लाख युनिट है, 25 लाख युनिट ब्लड की कमी से हर साल सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। ब्लड डोनेट करके न सिर्फ आप दूसरों की जान बचा सकते है, बल्कि अपने स्वास्थ्य को सुधार भी कर सकते है। आपके 01 युनिट रक्तदान से जरूरतमंद किसी एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि 14 जून 2024 को विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल दुर्ग एवं समस्त निजी ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी नागरिक अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर अपनी नागरिकता और सामाजिक सद्भावना का परिचय देने एवं पुनीत कार्य करने के लिये आगे आयें।

### मदिरा दुकानों के लिए भवन किराया के लिए निविदा आमंत्रित

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की देशी कंम्पोजिट, विदेशी, प्रीमियम मदिरा दुकानों के लिये भवन किराये पर लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। मदिरा दुकानों की जानकारी एवं निविदा शर्तें/फार्म कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-दुर्ग (उप महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, दुर्ग) से 26 जून 2024 तक समस्त कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त की जा सकती है। निविदा 26 जून 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय में जमा होगी। इसी तिथि को शाम 4 बजे खोली जायेगी।

# सफल ऑडिट के बाद संयंत्र में आईएमएस सिस्टम नवीनीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** 04 जून से 07 जून तक मेसर्स टी.यू.व्ही. नॉर्ड द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र का इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम-IMS (एकीकृत प्रबंधन प्रणाली) का पहला सर्विलांस ऑडिट किया गया। सफल ऑडिट के उपरान्त बीएसपी को प्राप्त इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम ISO सर्टिफिकेट को 2023-26 तक की अवधि के लिए पुनः प्रमाणन दिया गया।

वर्तमान समय में ISO सर्टिफिकेट एक पैमाना बन चुका है। जो कंपनी की साख, स्तर और क्षमता को प्रदर्शित करता है। इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम-IMS (एकीकृत प्रबंधन प्रणाली) के अंतर्गत पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली-EMS, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली-QMS तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रणाली-OHSMS शामिल हैं। जो संयंत्र को विभिन्न प्रक्रियाओं में सहायता करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दोषरहित उत्पाद एवं सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रभावी प्रक्रियाएं और प्रशिक्षित कर्मचारी रखने में मदद मिलती है। इन तीनों सिस्टम्स के मापदंडों को बनाये रखने और इस सर्टिफिकेट को जारी रखने के लिए यह ऑडिट किया गया।

उल्लेखनीय है, कि टीयूव्ही नॉर्ड के गुणवत्ता मानक, सुरक्षा मानक, प्रासंगिक विनियम, सर्वोत्तम प्रथा, प्रबंधन कौशल और व्यावसायिक उद्देश्यों के मापदंड बहुत ही कठिन और कड़े होते हैं। टीयूव्ही नॉर्ड, वैश्विक रूप से सक्रिय बिजनेस यूनिट सर्टिफिकेशन के ऑडिटर्स और विशेषज्ञों के साथ प्रबंधन प्रणालियों, कर्मियों और उत्पादों के प्रमाणन में उच्चतम स्तर की योग्यता को पहचान कर, ग्राहकों, कर्मचारियों, सहयोगी भागीदारों और उपभोक्ताओं के लिए, एक उद्देश्यपूर्ण और सम्मानित गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्रदान करता है। जिससे कम्पनी, लाभ के साथ ग्राहक लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करने हेतु, उचित योजना, निष्पादन, नियंत्रण और परियोजना को पूरा करना सुनिश्चित कर सकें।

ऑडिट में संयंत्र, टाउनशिप और माइंस तीनों को कवर किया गया। बीएसपी के दल्ली मेकेनाइज्ड माइंस में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली-EMS, टाउनशिप में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली-QMS और संयंत्र परिसर में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली-EMS, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली-QMS और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रणाली-OHSMS तीनों को कवर किया गया। मेसर्स टीयूव्ही नॉर्ड द्वारा, 6 ऑडिटर्स नियुक्त किये गए थे। जिनमें से 3 ऑडिटर्स ने भिलाई इस्पात संयंत्र आकर सम्बंधित विभागों की प्रत्यक्ष जाँच व अवलोकन किया तथा शेष 3 ऑडिटर्स ने ऑनलाइन माध्यम से ऑडिट किया। ऑडिटर्स के द्वारा संयंत्र के भीतर नाइट ऑडिट भी किया गया, जहाँ सभी मानदंडों को सही पाया गया। पहली बार बीएसपी के एसएमएस-3, यूआरएम और बीआरएम सहित अन्य मॉडेक्स इकाइयों में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया। इन सभी प्रबंधन प्रणालियों को बनाये रखने के लिए प्रतिवर्ष 1 इंटर्नल ऑडिट तथा 1 एक्सटर्नल ऑडिट आवश्यक है। किंतु भिलाई इस्पात संयंत्र इसके लिए हर छः माह में 1 इंटर्नल ऑडिट करती है। इन ISO सर्टिफाइड प्रबंधन प्रणाली को बनाए रखने के लिए, ISO सर्टिफिकेट 3 साल के लिए जारी किये जाते हैं, जिसमें आउटसाइड एजेंसी द्वारा साल में एक एक्सटर्नल ऑडिट आवश्यक है।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार की अध्यक्षता में ऑडिट के अंतिम दिन 7 जून 2024 को आयोजित बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ऑडिटर्स द्वारा संयंत्र, टाउनशिप और माइंस में किये गए ऑडिट का ब्यौरा और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात मेसर्स टीयूव्ही नॉर्ड द्वारा निर्धारित सभी कड़े स्टैंडर्ड और मानदंडों को सही पाए जाने पर, भिलाई इस्पात संयंत्र के पुनः प्रमाणीकरण की अनुशंसा की गई और इसे आगे जारी रखने की अनुमति प्रदान की गई। ऑडिटर्स ने संयंत्र बिरादरी के साथ साथ बीई विभाग की भी प्रशंसा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे भिलाई इस्पात संयंत्र को और भी अधिक लाभ हो सके।

यह ऑडिट कार्यक्रम बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के सफल मार्गदर्शन और मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस आयोजन में सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग तथा पर्यावरण प्रबंधन विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। ऑडिट के पहले इसकी तैयारी के लिए, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी द्वारा, मुख्य महाप्रबंधकों और मैनेजमेंट रिप्रेज़ेन्टेटिव्स की बैठक ली गई, इसके बाद ऑडिट के संदर्भ में महाप्रबंधक मनोज दुबे द्वारा, सम्बंधित विभागों के कोऑर्डिनेटर्स के साथ समन्वय किया गया। ऑडिट कार्यक्रम के सुचारु संचालन, ऑडिट टीम तथा विभागों के मध्य समन्वय एवं सफल ऑडिट में भिलाई इस्पात संयंत्र व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग (बी.ई.) के उप महाप्रबंधक, प्रकाश कुमार साहू, प्रबंधक, रवि कुमार एवं अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नेहरू नगर भेलवा तालाब सफाई के साथ साथ पेड़ो की कटाई, छटाई ट्रिमिंग शुरू



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर भेलवा तालाब लोगो के प्रमुख आर्कषण का केन्द्र है। वहां पर तालाब की सफाई का काम नियमित रूप से चल रहा है, उसके साथ साथ उद्यान विभाग द्वारा चारों तरफ लगे पेड़ की कटाई छटाई करके सुन्दर एवं आकर्षित बनाया जा रहा है।

इस बात से रोज सुबह टहलने वाले लोग खुश है, डॉ. बी के गोयल ने प्रसंन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि हम रोज टहलते है, अभी पेड़ो की कटाई छटाई होने के बाद से और बेहतर लग रहा है हम सबको भी ध्यान देना पड़ेगा की गंदगी न फैलाये। मैं देखता हु कि लोग धीरे से आकर कचरा, पूजा सामग्री डाल देते है जबकि उसके लिए अलग से स्थल निर्धारित है वहीं पर डाले, हम लोग भी सर्तक रहेगे किसी प्रकार की गंदगी न हो। तालाब के अंदर से निकलने वाले कमल के ककड़ी (ढ़ेस) एवं पंखड़ियो को जैविक खाद बनाने के लिए राशि उद्यान में गढढा बनाकर जैविक रूप से निष्पादित किया जायेगा। इसकी खाद बहुत की गुणकारी एवं उपजाऊ होगा।

## राजस्व प्रकरणों के निपटारे में आई है तेजी

### राजस्व अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर किया जा रहा है लंबित प्रकरणों का निराकरण



**दुर्ग।** जिले में लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्ति पश्चात् राजस्व प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए है।

जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बटवारा, डायवर्सन एवं सीमांकन तथा लोक सेवा से प्राप्त प्रकरणों का नियमानुसार समय सीमा के भीतर निराकरण किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप समय-सीमा के बाहर के प्रकरणों की संख्या कम हुई है। एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के संबंध में अवगत कराया गया है कि आदर्श आचरण संहिता समाप्ति की तिथि 6 जून 2024 की स्थिति में नामांतरण, बटवारा, डायवर्सन एवं सीमांकन के कुल लंबित प्रकरण 8590 थे। जिसमें से केवल 373 प्रकरण समय सीमा के बाहर थे। वर्तमान स्थिति में कुल लंबित प्रकरण 8403 है। जिसमें से समय सीमा के बाहर केवल 134 प्रकरण है। शेष प्रकरण समय सीमा के भीतर के है। जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर क्रमशः प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इससे आवेदकों की किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

## यातायात नियमों के पालन करने प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों को सड़क सुरक्षा / यातयात नियमों का पालन हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग द्वारा 13 जून को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु सड़क पार करते हुए जेब्रा क्रांसिग, रोड़ साईन, यातायात नियम, हेलमेट पहनना, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना साथ ही सड़क दुघर्टना होने पर नेक व्यक्ति का महत्व बताया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल. लकड़ा, परिवहन निरीक्षक विष्णु प्रसाद ठाकुर एवं परिवहन उप निरीक्षक अनिश बघेल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस अवसर पर ऐसे कर्मचारी जिनका लायसेंस नहीं बने थे, उनका स्थल पर ही लर्निंग लायसेंस बनाया गया। प्रशिक्षण में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निरीक्षक लोकेश कुर्रे, निरीक्षक अभय कुमार एवं सहायक उप निरीक्षक एच.एस. हुन्डेकर के साथ-साथ अनेक अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## बारिश पूर्व नालियों, दूषित जल भराव क्षेत्रों एवम नलकूप स्थान में साफ-सफाई करने दिए निर्देश

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत उतई के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, नगर निगम रिसाली के मुख्य नगर निगम अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को फोन व पत्राचार के माध्यम से समस्त वार्डो में बारिश से पूर्व नालियों, दूषित जल भराव क्षेत्रों, बोरिंग के आस पास में साफ-सफाई हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश करते हुए कहा की बारिश के दिनों में नालियों, जल भराव क्षेत्रों नलकूप स्थान व तालाब में साफ़-सफाई नहीं होने के कारण जल भराव की स्थिती अधिकतर देखने को मिलता है और लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए ग्रामों व शहर में होने वाले जलभराव से निजात दिलाने क्षेत्रवार छोटे बड़े नालों एवं नालियों को अभियान के तहत साफ-सफाई कराया जाएगा। ताकि बारिश में नालों में कचरा जमा होने से पानी जमा न हो और लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सफाई अभियान का काम सफाई अमले के साथ खड़े रहकर काम कराने और नगर पालिका प्रशासनिक अमले एवं सफाई कर्मियों को अभियान में गति लाने के सख्त निर्देश भी दिए।

## जलसंरक्षण के लिए सेमिनार का हुआ आयोजन

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के सभागार में कैच द रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम (जल संरक्षण) के प्रारंगिक तौर तरिके को समझाने के लिए श्रद्वा सुबरी समाज सेवी संस्था पन्डूना मध्यप्रदेश से संस्था को जिला प्रशासन द्वारा आमंत्रित किया गया है। उसी संस्था का सेमिनार निगम के सभागार में आयोजित की गई थी। जिसमें समन्वयक नीरज वानखेड़े ने स्व सहायता समूह की संगठिकाएं, शहरी अजीविका मिशन की सीओ, प्रोजेक्ट मैनेजर को समझाये की किस प्रकार से छोटी छोटी सावधानी करके हम अपने जमीन के जल स्त्रोत को बढ़ा सकते है।

वर्षा का जल बहुमुल्य है। उसे बचाना ही हमारा धर्म है। विज्ञान कितना भी तरक्की कर ले सहज रूप से पानी नहीं बना सकता हम पानी बचा करके ही जल स्त्रोत को बढ़ा सकते है। प्रोजेक्टर के माध्यम से देश के पहाड़ी क्षेत्रो, मैदानी क्षेत्रो, वनांचल क्षेत्रो में आवासीय परिसरो में, छोटे बड़े घरो में किस प्रकार से कैच द रेन के माध्यम से पानी को संरक्षित कर सकते है। इसकी छोटी छोटी चल चित्र भी दिखाएं गये। साथ में ये भी बताया गया कि हम पानी नहीं बचाएंगे आने वाले समय में बहुत भयावय स्थिति होगी। उन्होने उधारण स्वरूप में बताया की सामान्यतः घरेलू महिलाएं रात में भरा हुआ एक गुंडी पानी यह करके नाली में गिरा देगे की बासी हो गया। उतने ही पानी से उसी बर्तन को साफकरती है, हाथ पैर घोते है फिर कहीं जाकर एक गुंडी पानी भरती है। औसतन देखा गया है एक गुंडी पानी भरने के लिए तीन गुंडी पानी बर्बाद करते है। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में बने कैच द रेन हेतु बने सोखता पिट को भी दिखाया गया, उन्हे यह समझाया गया कि किस प्रकार से छोटे रूप में आप अपने घरो में भी वर्षा का जल संरक्षित कर सकते है। समिनार के दौरान प्रीतम छीर सागर, प्रणय वारकुल, सागर वानखेड़े, चिरांस वारंगे, दौलत चंद्राकर, अमन पटले, आदि उपस्थित रहे।

## छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई की टीम ने महामंत्री अजय के नेतृत्व में जिलाधीश सुश्री चौधरी से की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर द्वारा शहर में हरियाली व पर्यावरण सुधार में एक कदम बढ़ाने हेतु एक व्यापारी एक पेड़ योजना की जानकारी दी। अजय भसीन ने जिलाधीश को जानकारी दी कि 21 जून योग दिवस के दिन भिलाई चेम्बर एक व्यापारी एक पेड़ की वृहद योजना तैयार कर रहा है।इस योजना में हर बाजार व ओद्योगिक क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा पेड़ लगाए जाएंगे व उनका संरक्षण भी व्यापारियों द्वारा किया जाएगा। चेम्बर की इस योजना को शासन की योजना किसान वृक्ष मित्र योजना के साथ जोड़कर पूरे शहर में चेम्बर के सहयोग की अपेक्षा की गई।

जिलाधीश द्वारा चेम्बर की इस योजना की प्रशंसा की और चेम्बर का शासन प्रशासन के साथ सहयोग की भी तारीफ की।उन्होंने कहा कि चेम्बर का योगदान मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी एवम अन्य सभी योजनाओं में सराहनीय योगदान रहता है। डीएफओ चंद्र शेखर द्वारा पौधे व संरक्षण हेतु शासन द्वारा पूर्ण मदद का आश्वासन दिया। इस आवेदन प्रक्रिया में अजय भसीन के साथ उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष करमजीत बेदी, शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, पवन जिंदल, विनय सिंग, राकेश मल्होत्रा उपस्थित थे।

## चलाया गया नारी शक्ति से जल शक्ति थीम पर आधारित जल शक्ति अभियान






श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** धमधा विकासखण्ड के ग्राम पथरिया में मनरेगा के तहत स्वच्छ ग्राम हरित सप्ताह का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी नरेगा के तहत जल संरक्षण की दिशा में जन जागरूकता अभियान चलाकर जल संकट को दूर करने एवं वर्षा के जल को बचाने व भू जल को बढ़ावा देने के लिए एक मुहिम चलाया जा रहा है।

इस दिशा में ग्राम पथरिया में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के तहत आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत अश्वनी देवांगन ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। अश्वनी देवांगन सीईओ ने नारी शक्ति व ग्रामीणो से आव्हान किया कि जल है तो कल है। नारी शक्ति से जल शक्ति थीम पर आधारित यह अभियान जल संरक्षण और प्रबंधन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रित है। वही जल प्रहरी नीरज वानखेडे निरंतर जल संरक्षण पर काम कर रहे है, ने जल संरक्षण का संदेश दिया।

जल स्त्रोतों की सफाई सहित वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पीट निर्माण, रिचार्ज पीट इत्यादि के जरिए पानी संरक्षित करने की बारिकी से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में पेड़ लगाओं पानी बचाओ, जल संरक्षण रंगोली, पेंटिंग, मॉडल बनाकर ग्रामीणों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी भूपेन्द्र देवांगन, धमधा सरपंच चंद्रिका प्रसाद साहू, सचिव विधु दास, तकनीकी सहायक अनिता कुशवाहा, स्वच्छताग्राही एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## प्लेट मिल बिरादरी ने किया पौधरोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में 12 जून 2024 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिये प्रेरित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता थे।

मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने वृक्षारोपण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिये बहुत अधिक उपयोगी है, क्योंकि ये हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और पृथ्वी पर ऑक्सीजन का संतुलन बनाकर रखते हैं। ऑक्सीजन न सिर्फ मनुष्यों के लिए बल्कि सभी जीव जन्तुओं के लिए अत्यंत आवश्यक है।

जीवों का अस्तित्व पर्यावरण से और पर्यावरण पेडों से है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने अपने उदबोधन में कहा कि पर्यावरण ही हमें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती है और पर्यावरण पेड़ों से समृद्ध होता है। हम सभी को अपने-अपने जन्मदिन के अवसर पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ लगाना और उसकी देखरेख करना हम सभी का दायित्व है। यदि हम आज से ही वृक्षारोपण करने की मुहिम को प्रारंभ कर दें, तो अपने जीवन काल के अंत तक बहुत अधिक पेड़ लगा चुके होंगे और यही पेड़ बड़े होकर हमें फल, फूल और छाया प्रदान करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950